श्री अर्जुन राम मेघवाल (बीकानेर): महोदय, आपने मुझे बोलने की अनुमति दी, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देता हूं। मैं शून्यकाल में आपके माध्यम से बहुत ही महत्वपूर्ण विषय उठा रहा हूं। आचार्य तुलसी तेरापंथ समाज के आचार्य थे और इनका जन्म शताब्दी वर्ष इस वर्ष मनाया जा रहा है। भारत के सांस्कृतिक राष्ट्रवाद को बढ़ाने तथा सार्वजनिक जीवन में नैतिकता के मापदंड विकसित करने में आचार्य श्री तुलसी का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आचार्य तुलसी ने 29 अप्रैल 1950 को तत्कालीन राष्ट्रपति श्री राजेन्द्र प्रसाद जी से राष्ट्रपति भवन में मुलाकात कर अणुव्रत के बारे में जानकारी दी थी। इसके बाद 19 दिसंबर 1974 को संसद भवन में आचार्य श्री तुलसी का सांसदों के समक्ष उद्‌बोधन भी हुआ था। जीवन में चरित्र निर्माण और नैतिकता के विकास के लिए आचार्य श्री तुलसी ने अणुव्रत की स्थापना की थी। अणुव्रत छोटे-छोटे वृत्तों की वो श्रृंखला है, जिसके माध्यम से व्यक्ति अपना नैतिक विकास कर सकता है। आचार्य तुलसी ने विधायिका में नैतिकता के विकास के लिए अपने स्तर पर अणुव्रत संसदीय मंच की भी स्थापना की थी जो वर्तमान में भी कार्यरत है। वर्ष 2013 में भारत सरकार ने इनके नाम से डाक टिकट भी जारी की है। मेरी आपके माध्यम से भारत सरकार से यह मांग है कि किसी महत्वपूर्ण संस्था या योजना का नाम आचार्य श्री तुलसी के नाम से किया जाए, जिससे नैतिकता के क्षेत्र में काम करने वाली संस्था एवं महापुरुषों को एक प्रेरणा मिल सके। आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

श्री प्रसन्न कुमार पाटसाणी (भुवनेश्वर): मैं स्वयं को श्री अर्जुन राम मेघवाल जी द्वारा उठाए गए विषय से संबद्ध करता हूं।

श्री जुगल किशोर : महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार ध्यान आए दिन जम्मू-कश्मीर में भारत-पाकिस्तान बॉर्डर पर पाकिस्तान के द्वारा फायरिंग की जाती है और उस फायरिंग में काफी निर्दोष लोग शिकार बनते हैं। इसके साथ-साथ उनके पशुओं को भी निशाना बनाया जाता है और कई बार तो बम उनके घरों पर आ कर गिरते हैं। पिछले दिनों साम्बा और अखनूर एरिया में पाकिस्तान द्वारा की गयी फायरिंग में काफी नुकसान हुआ है। कोई भी ऐसी ठोस पॉलिसी बॉर्डर एरिया के लोगों के लिए नहीं है, जिससे उनको राहत मिल सके। हर बार फायरिंग होती है, लेकिन वह उसमें डटे रहते हैं। बिना हथियार के वह जम्मू-कश्मीर बॉर्डर पर एक प्रहरी की तरह डटे हैं। उन लोगों को राहत देने के लिए न तो जम्मू-कश्मीर सरकार की कोई पॉलिसी है और न ही केन्द्र सरकार की कोई पॉलिसी है। मैं आपके माध्यम से सरकार को यह बताना चाहता हूं कि जिस व्यक्ति के मकान पर जब कोई गोला गिरता है तो उसके परिवार का क्या हाल होता होगा? उनके पशु मारे जाते हैं। पिछले दिनों में अर्णिया में एक बच्चे को, जो कि चौक पर खड़ा था, टांग में आ कर गोली लगी। वहां हमेशा दहशत का माहौल बना रहता है। वहां से लोगों को शिफ्ट करने के लिए भी कोई अच्छा प्रावधान नहीं है। मेरी सरकार से यह मांग है कि वह उन लोगों के लिए कोई ऐसी बीमा योजना बनाए, जिसमें जब किसी को गोली लगती है या गोला किसी के घर में गिरता है या कोई मवेशी मरता है या किसी जान-माल का नुकसान होता है तो उसकी भरपायी की जा सके ताकि लोग बॉर्डर पर डटे रहें अन्यथा वहां से पलायन होना शुरू हो रहा है, जो कि सही नहीं है। मेरी आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना है कि जब भी किसी को गोली लगे या मकान पर गोला गिरे या मवेशी मारा जाए तो तुरन्त उसको राहत दी जानी चाहिए।

SHRIMATI PRATIMA MONDAL (JAYANAGAR): Thank you hon. Chairman for giving me an opportunity in this august House. I would like to know from the hon. Minister for Women and Child Development, through you, that what are the parameters set by the Government of India to determine malnutrition among children across the country. Has any survey or study been conducted recently regarding the utility and effectiveness of such parameters set?

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : महोदय, मैं एक अति लोक महत्व के विषय को प्रस्तुत करना चाहता हूं। जब यूपीए की सरकार थी तो बुंदेलखण्ड पैकेज की बात हुई थी जो कि उत्तर प्रदेश और मध्य प्रदेश का सबसे पिछड़ा, गरीब और पेयजल संकट से जूझता क्षेत्र है। मेरा क्षेत्र भी उसी में आता है। उसमें तीन जिले दमोह, सागर और छतरपुर मध्य प्रदेश का हिस्सा है। एक बड़ा पैकेज बुंदेलखण्ड के लिए दिया गया था, जिसमें पेयजल की योजनाओं का बड़ा ढिंढोरा इसी सदन में और सदन के बाहर पीटा गया था। मैं अपनी

क्षेत्र में 26 स्थानों पर गया, जहां नल-जल योजना संचलित था। एक भी योजना छः दिन से ज्यादा नहीं चली। उसकी तकनीकी खामियां और उसमें जो भ्रष्टाचार हुआ है, उसकी कल्पना नहीं की जा सकती है। यह पूरा पैसा भारत सरकार का पैसा है और बुंदेलखण्ड पैकेज के नाम पर इतनी बड़ी-बड़ी बातें की गयी थीं, लेकिन वह सारी की सारी योजना पूरी तरह से भ्रष्टाचार में समा गयी। एक योजना की कीमत कम से कम 52 लाख रुपये से लेकर 82 लाख रुपये तक है। यह मैं उन 26 योजना की बात कर रहा हूं, जिनको मैं देख कर आया हूं।

15.00 hrs.

वहां पर सभी योजनाएं विफल हैं।

महोदय, भारत सरकार की जल संसाधन मंत्री उसी क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करती हैं। मैं आपके माध्यम से निवेदन करूंगा कि मंत्री उस बात को कहें कि चाहे जो भी बुंदेलखण्ड का पैकेज बने, चाहे वह सिंचाई के लिए, पेयजल के लिए हो, लेकिन जिन लोगों ने भ्रष्टाचार किया है, उनके खिलाफ कार्रवाई हो और उन्हें दंडित किया जाए।

महोदय, मैं इस अवसर पर इतना ही मांग करता हूं।

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : सभापति महोदय, आप ने मुझे एक महत्वपूर्ण विषय पर सदन का ध्यान आकृष्ट करने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

15.01 hrs.

(Shri Arjun Charan Sethi *in the Chair*)

महोदय, रेल बजट वर्ष 2010-11 में तत्कालीन रेल मंत्री सुश्री ममता बनर्जी ने एक महत्वपूर्ण रेल लाइन बिछाने का प्रस्ताव किया था। यह छपरा जिले के मांझी रेलवे स्टेशन से उत्तर प्रदेश के लार स्टेशन तक थी जिसकी दूरी लगभग 90 किलो मीटर थी। इसके लिए जमीन का सर्वे हो गया है लेकिन आज तक उसमें कोई उपलब्धि नहीं है। उसमें कोई काम नहीं हो रहा है।

महोदय, हम आपके माध्यम से अनुरोध करना चाहेंगे कि उस क्षेत्र में जो नयी रेलवे लाइन प्रस्तावित है, वह काफी महत्वपूर्ण है। यह दियारा क्षेत्र है। वहां के लोगों को आने-जाने में काफी कठिनाई होती है। हम आप से अनुरोध करेंगे कि छपरा के मांझी से उत्तर प्रदेश के लार रेलवे स्टेशन तक जो नयी रेल लाइन बिछाया जाना प्रस्तावित है, इस पर तत्काल कार्य प्रारंभ कराया जाए।

माननीय सभापति : श्री गणेश सिंह - उपस्थित नहीं।

DR. A. SAMPATH (ATTINGAL): Mr. Chairman, Sir, I would like to invite the attention of this House and also the Government of India through you to the sad

plight of more than 36,000 Rohingya refugees in the country. These Rohingya refugees have come from the State of Rakhine in Myanmar. In June 2012, one of the largest genocides in the Asian continent took place in Munto, Rakhine in western Myanmar. Some of these refugees are now in Delhi, some of them are in Jammu and Kashmir and some of them are in Haryana, Hyderabad, etc.

Mr. Chairman, I have personally visited one of the refugee camps here in Delhi in Kalindi Kunj. More than 400 people are living there in shanty shelters which have been made of plastic waste and filthy clothes. Three children have died during the last months because of snake bites alone. The only property these refugees have is the identity card issued by the Untied Nations High Commission for Refugees.

Sir, this genocide which happened in our neighbouring nation Myanmar, is just like that one of the largest genocides that have happened in Sri Lanka. Now these people are starving; they do not have clothes. Any time an epidemic may come and more children may die. It is high time that the Government of India took up this matter with the United Nations offices concerned because some of the refugees who have fled from Myanmar are in Australia now, some are in the Kingdom of Saudi Arabia, in Thailand, Indonesia and Malaysia. The United Nations have passed some resolution for the settlement of these Rohingya refugees. Mr. Chairman, Sir, one refugee camp is in Kalindi Kunj and another is in Shaheen Bagh in Okhla.

We have to take the issue to the international fora. We have to provide some shelters and also provide some permanent settlement. We have to either send them back safely to their homeland or some other alternative have to be provided because the children do not have any access to education or health. Some of the women are suffering from cancer. This is a very serious situation. This involves the lives of more than 36,000 human beings. My humble submission is that you have ample powers, hon. Chairman, Sir, to give a direction to the Government to

take up this issue at the international fora concerned and help the displaced community.

HON. CHAIRPERSON : Next, Shri Ram Kirpal Yadav. Shri Yadav, you will have to take only two minutes because we have a large number of hon. Members to raise important issues.

श्री राम कृपाल यादव (पाटलीपुत्र) : माननीय सभापति महोदय, मैं अत्यन्त ही महत्वपूर्ण समस्या की तरफ आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित कर रहा हूं, जो हमारे बिहार और हमारे क्षेत्र से लगी हुई है। हमारे यहां सोन प्रणाली है। सारे सोन प्रणाली में पानी न आने की वजह से पूरे बिहार के नौ जिले प्रभावित हो रहे हैं। सोन प्रणाली की जो नहर है, उसमें बिल्कुल भी पानी नहीं आ रहा है। उसमें पानी मध्य प्रदेश के बाणसागर डैम से आता है और मध्य प्रदेश से बिहार सरकार का एग्रीमेंट है कि हर साल लगभग एक मिलियन एकड़ फीट में पानी वह उपलब्ध कराएगा। 1973 में यह एग्रीमेंट हुआ था, मगर मैं आपको बताऊं कि पटना, जो हमारा संसदीय क्षेत्र है, पाटलिपुत्र पटना से, जिले से सटा हुआ इलाका है, जो गांवों का इलाका है।

उस पूरे इलाके में पानी उसी नहर से आता है, मगर आपको पता है कि ऊपर वाले की कृपा नहीं है, बारिश हो नहीं रही है, इन्द्र की कृपा भी नहीं है और सरकार की कृपा भी नहीं है, जिसकी वजह से उस पूरे इलाके में किसानों में हाहाकार मचा हुआ है, किसान इससे बहुत परेशान हैं। जो बीज डाला गया था, वह भी सूख रहा है और पूरे तौर पर उस इलाके में इतना ज्यादा आक्रोश है, न सिर्फ हमारे यहां, बल्कि जहानाबाद, औरंगाबाद, अरवल, कैमूर, गया, बक्सर, इन सब इलाकों में पानी लगभग नहीं जा रहा है।

मेरा आपके माध्यम से निवेदन होगा, माननीया जल संसाधन मंत्री खुद मध्य प्रदेश की हैं, वे पहल करें और वहां की राज्य सरकार से जो बाणसागर डैम से पानी नहीं आ रहा है, वह पानी दिलवाने का काम करें, ताकि किसानों में खुशहाली आ सके और किसानों की जान बच सके। यह अत्यन्त महत्वपूर्ण और गम्भीर मामला है। वहां के किसानों में बहुत हाहाकार मचा हुआ है। माननीय मंत्री जी यहां पर बैठे हैं, वे इस पर कुछ कहें। ...(व्यवधान)

SHRI MULLAPPALLY RAMCHANDRAN (VADAKARA): Mr. Chairman, Sir, thank you for giving me this opportunity.

I draw the serious attention of this august House to an important matter relating to the rescue and relief of 17 Indian sailors on board the Maharishi Bhavatreya off the Dubai coast.

The ship belongs to a Mumbai based company and is an LPG carrier registered in Singapore. The ship has been stagnant off the Dubai coast for almost two years now. The sailors are made to stay on board without power in the scorching summer heat and without proper drinking water, proper food or medicine. The hapless sailors are deprived of means of communication. They are thus undergoing physical and mental agony. One of the sailors, Mr. Dineshan Kinarullathil hails from Keezhariyur under my Parliamentary constituency and his family members including wife, children and aged and ailing father are put to great hardship and misery because of the harrowing experiences of Mr. Dineshan and other sailors.

I request the hon. Prime Minister, the Minister of External Affairs as also the Minister of Shipping to immediately intervene so that these sailors in distress are rescued from their present plight.

I once again urge upon the Government that the conditions of the sailors are precarious and anything may happen to them if there is any delay.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, this is an important issue and I am really gratified that the hon. Minister of Labour is also present here. I need his attention.

During the last UPA Government's tenure, five medical colleges and hospitals were supposed to be established by the Labour Ministry and they were to be called as the ESI Medical College and Hospitals. Already four medical colleges have been established – in Gulburga, Patna, Jodhpur and the fourth in some other place. Bhubaneswar was also selected and the Labour Minister had gone to Bhubaneswar to lay the foundation stone. The hon. Member of Parliament, Dr. Patasani, who is still representing that constituency, was present and the Labour Minister was also present.

But recently, it has come to our notice that not much fund is now flowing there. Though the boundary wall has been constructed and the land has been alienated in favour of ESI, but the medical college has not yet started. We have an

apprehension. My request to the NDA Government and the hon. Minister is that he should intervene in the matter and see that this medical college comes up. Lakhs of workers who are called IPs, those who are registered workers are living in and around Bhubaneswar can take the benefit as also their families.

I request the hon. Minister to put a word so that it comes up. If he can intervene now, we will be happy.

SHRI PRASANNA KUMAR PATASANI : I would like to draw your attention. It is in my constituency. I would like to associate with the matter.

HON. CHAIRPERSON: You can associate.

SHRI T.G. VENKATESH BABU (CHENNAI NORTH): Sir, this is regarding a long-pending demand from my North Chennai constituency to start a Kendriya Vidyalaya school. This constituency of mine consists of all classes of people, working in various Central and State Government organizations, defence forces, public sector undertakings, multinational companies, industrial establishments, and overall, a large number of below poverty line and downtrodden people live in my constituency.

Though this constituency forms a part of the Chennai Metropolitan City, Chennai has got two different parts – one is the glittering south and the dull north. So, the people living in the North Chennai are deprived of quality and affordable education, by not establishing a Kendriya Vidyalaya school in my constituency. My constituency has a population of 30 lakhs. The Union Government has fixed a target of opening 500 new Kendriya Vidyalaya in the 12th Plan, that is, from 2012-17. However, no action seems to have been taken for opening of a Kendriya Vidyalaya in North Chennai.

Adequate lands are also available for setting up of a Kendriya Vidyalaya. Keeping in view the urgency and importance of the matter, I humbly urge upon the Union Government to take necessary steps to open at least two Kendriya Vidyalaya in my North Chennai Constituency in Tamil Nadu.

श्री जगदम्बिका पाल (डुमरियागंज): अधिष्ठाता महोदय, मैं आपका बहुत आभारी हूं कि आपने मुझे बोलने का अवसर दिया। मैं एक अत्यन्त लोक महत्व के विषय की तरफ आपका और आपके माध्यम से सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं।

देश की आजादी के बाद प्रथम विश्वविद्यालय गोरखपुर यूनीवर्सिटी 57 साल पहले स्थापित हुयी। आज इस गोरखपुर यूनीवर्सिटी से अलग होकर पूर्वांचल जौनपुर यूनीवर्सिटी बन गयी, फैजाबाद यूनीवर्सिटी बन गयी। यह बौद्ध परिपथ पर अकेला विश्वविद्यालय है, जो श्रावस्ती को जोड़ता है, कपिलवस्तु को जोड़ता है, पिपरहवा को जोड़ता है, कुशीनगर को जोड़ता है। योगी आदित्य नाथ जी सदन में उपस्थित हैं। उस यूनीवर्सिटी के कम से कम 15-17 मेंबर ऑफ पार्लियामेंट सौभाग्य से इस पार्लियामेंट में हैं। पिछले दिनों आदित्य नाथ जी और हम सारे लोग मिलकर भारत के शिक्षा मंत्री, एच.आर.डी. मिनिस्टर से भी कह चुके हैं कि आज उसको केन्द्रीय विश्वविद्यालय का दर्जा दिया जाना चाहिए।

यह देश के महत्वपूर्ण और प्राचीन विश्वविद्यालयों में से एक है। वहां पर अभी तक कोई बुद्धिस्ट स्टडी सर्किल नहीं बन पाया है, जबकि बौद्ध धर्म के मानने वाले देश और दुनिया के जो तमाम लोग आते हैं, तो उन्हें यूनीवर्सिटी के रूप में केवल गोरखपुर यूनीवर्सिटी मिलती है। जब वहां बुद्ध पर कोई रिसर्च करने जाते हैं, शोध करने जाते हैं तो जो पिपरहवा से खुदाई की चीजें निकली हैं, वे सब कोलकाता के नेशनल म्यूजियम में रखी हुयी हैं। मैं समझता हूं कि आज उनको भी कठिनाई हो रही है, जो बौद्ध धर्म को मानने वाले लोग हैं, आज बुद्ध के साहित्य के रूप में जो शोध का कार्य हो सकता है, वह भी नहीं हो रहा है। मैं समझता हूं कि इसे गंभीरता से लिया जाना चाहिए। गोरखपुर विश्वविद्यालय जो अभी राज्य के अंतर्गत है और अपना विकास नहीं कर पा रहा है, उसको केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने के लिए भारत सरकार कार्रवाई करे।

माननीय सभापति : योगी आदित्यनाथ अपने आपको श्री जगदम्बिका पाल जी के विषय के सम्बद्ध करते हैं।

DR.K. KAMARAJ (KALLAKURICHI): Respected Chairman, Sir, I sincerely thank our hon. Chief Minister Amma for providing me an opportunity to represent the people of Kallakurichi constituency. I also thank the people of Kallakurichi constituency for overwhelmingly supporting the people welfare measures of our hon. Chief Minister and also electing me to this temple of democracy.

Chinnasalem railway station is an important station which caters to the needs of the commuters of Kallakurichi, Sankarapuram and Chinnasalem talukas, Kallakurichi municipality and Sankarapuram, Vadakkanandal, Chinnasalem and

Thiyakadurgam town panchayats. Chinnasalem is listed by the railway administration as a temporary station and its status is extended every three months. Consequently, Express and Superfast trains are having stoppage at this station on temporary basis. It is extended after every three months. This is causing inconvenience to the general public.

I would request the Railway Minister to instruct the Railways to stop all the superfast and express trains at Chinnasalem railway station on a permanent basis. I would also request the Minister to continue advanced railway booking at the railway station for all the superfast and express trains passing through this station.

श्री राजकुमार सैनी (कुरूक्षेत्र) : महोदय, मैं राजकुमार सैनी पहली बार कुरूक्षेत्र से निर्वाचित हो कर संसद में आया हूं और प्रथम बार आपने मुझे बोलने का मौका दिया है, इसके लिए मैं आपको बहुत-बहुत धन्यवाद देता हूं। दूसरा धन्यवाद, मैं प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को करना चाहूंगा, जिनकी वजह से पूरे विश्व में प्रजातंत्र के प्रति जो विश्वास जगा और जिस गौरवपूर्ण दृष्टि से प्रजातंत्र को सराहा गया, मैं इसका धन्यवाद उनको संसद नमन कर के देता हूं। तीसरा धन्यवाद, मैं कुरूक्षेत्र की जनता को देना चाहूंगा। ...(व्यवधान)

मैं एनवायरनमेंट के मुद्दे पर सदन का विशेष ध्यान दिलाना चाहता हूं। पर्यावरण पूरे विश्व के लिए जितनी जरूरी है, यह हमारे देश के लिए भी उतनी ही जरूरी है। लेकिन, जब फ्रांस और पेरिस जैसे बड़े-बड़े शहर बने होंगे, वहां भी रेत, बजरी और डस्ट खिंडा होगा। हमारे इस देश में पर्यावरण नीति एक अभिशाप के तौर पर विकास को रोके हुए है। इस ओर ध्यान दी जानी चाहिए, क्योंकि बहुत सारी रेलवे लाइनें, टनल्स, नहरें, सड़कें और इंडस्ट्रीज, सिर्फ पर्यावरण की पॉलिसी की वजह से रूकी पड़ी हैं। मैं वर्ष 2010 में एक इंडस्ट्री लगा रहा था। चार वर्षों के बाद भी, आज तक इंडस्ट्री को एनवायरनमेंट क्लीयरैंस नहीं मिली है। मैं हिमाचल प्रदेश की सरकार को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने आंशिक तौर पर मुझे परमिशन दी, लेकिन कोई इंडस्ट्री के लिए जमीन लेने के पश्चात्, कोई सड़क, कोई नहर या कोई बिजली लाइन, अगर चार वर्ष तक उनका मामला क्लीयर नहीं होता है तो उनके मायने ही बदल जाते हैं। कॉन्ट्रैक्टर उसे छोड़ कर भाग जाते हैं।

माननीय सभापति महोदय, मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि इस ओर पर्यावरण पॉलिसी में विशेष ध्यान दी जाए।

SHRI JITENDRA CHAUDHURY (TRIPURA EAST): Thank you, Chairman, Sir. I would like to raise a very important issue. I would like to take the privilege of

the presence of the hon. Union Minister of Commerce and Industry. I am very much moved by the desire of the present Government to be engaged with the neighbouring countries.

You know, Sir, that the Northeastern region and my State Tripura in particular is bounded by the international borders from three sides. Transportation cost of essential commodities or construction material from the main land is manifold. There has been a demand to connect Chittagong Sea Port with the national highway and also with a road from Tripura. If this Government takes an initiative to connect the Chittagong Port with the National Highway 44 and also with the Agartala-Subroom railway line, which is an on-going project, that will be mutually benefit to both the countries and particularly for the north-eastern region including the State of Tripura. I would request the Union Government to consider this. I believe the hon. Minister present here would definitely take an initiative on that.

श्री राहुल कस्वां (चुरू) : माननीय सभापति महोदय, आपने मुझे शून्य काल में अत्यंत ही महत्वपूर्ण मुद्दे पर अपने विचार रखने का अवसर दिया है, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं। 20वीं सदी के महापुरुषों में एक जाना पहचाना नाम आचार्य तुलसी जी का है। आचार्य तुलसी ने नैतिकता और भाई चारे के मिशन के साथ भारत की एक लाख किलोमीटर की पद यात्रा की। मेरे संसदीय क्षेत्र में आचार्य तुलसी जी के बहत बड़ी तादाद में अनुयायी हैं। उनकी प्रेरणा से लाखों व्यक्ति नशा मुक्ति बने और पूरे देश में नैतिकता को अपनाने का एक अभियान चल पड़ा जो पूरे भारत वर्ष में अनवरत आंदोलन के नाम से विख्यात है। वर्तमान में महापुरुष आचार्य तुलसी का जन्म शताब्दी वर्ष मनाया जा रहा है। भारत सरकार ने आचार्य तुलसी की जन्म शताब्दी के अवसर पर उनकी स्मृति में सिक्के जारी किए हैं। लेकिन महापुरुष आचार्य तुलसी के जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी नहीं करने से जनमानस में भयंकर आक्रोश है। अत: मेरा भारत सरकार से अनुरोध है कि उनके जन्म शताब्दी के उपलक्ष्य में डाक टिकट जारी की जानी चाहिए।

माननीय सभापति : माननीय सदस्य श्री राहुल कस्वां के विषय के साथ श्री सी.आर. चौधरी अपने आपको एसोसिएट करते हैं।

श्री अश्विनी कुमार चौबे (बक्सर) : सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत साधुवाद। देश के कई राज्यों में बाढ़ एवं सुखाड़ का संकट उत्पन्न हो गया है। गंगा, कोसी सहित

अन्य नदियों के कटाव से भारी समस्या प्रति वर्ष उत्पन्न हो जाने के कारण जीवन संकटमय हो जाता है। लाखों लोग बेघर हो जाते हैं। बिहार में बक्सर, कोईलवर तटबंध के मजबूतीकरण एवं उस पर सड़क निर्माण का काम काफी वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। दर्जनों जगहों पर तटबंध टूटे हुए हैं जिनसे भीषण कटाव की स्थिति उत्पन्न हो गई है। वह तटबंध गंगा कटाव से उस क्षेत्र का बचाव करता है। उस पर सड़क निर्माण होना आवश्यक है। गंगा नदी के किनारे बाढ़/बरसात के बाद सिर्फ रबी फसल ही होती है। फिर हजारों एकड़ जमीन परती रह जाती है । विशेषकर बिहार में मेरे संसदीय क्षेत्र बक्सर और गृह क्षेत्र भागलपुर तक विभिन्न क्षेत्रों/टालों में बाढ़/बरसात के बाद हजारों एकड़ जमीन में सिर्फ रबी की फसल ही हो सकती है। गंगा नदी के किनारे लिफ्ट सिंचाई योजना का विस्तारीकरण होने से सालों भर गरमा फसल एवं सब्जियों का उत्पादन बढ़ेगा जो देश के लिए उन्नत होगा। बिहार में विशेषकर बक्सर से भागलपुर तक तथा उत्तर बिहार के दरभंगा सहित कई जिलों में सिंचाई के अभाव में सूखे का संकट उत्पन्न हो गया है। इंद्रपुरी बैराज के बक्सर (शाहबाद), औरंगाबाद होते हुए पटना तक विभिन्न नहरों में अंतिम छोर तक पानी नहीं आने के कारण लाखों हैक्टेयर जमीन सिंचाई से वंचित है जिससे लाखों किसानों में तबाही मची हुई है। अत: सरकार शीघ्र रिहंद (उत्तर प्रदेश) से इंद्रपुरी जलाशय में पानी उपलब्ध कराने, कटाव हेतु सभी बांधों की सुरक्षा, सुखाड़ हेतु कारगर कदम उठाने तथा उक्त बक्सर-कोइलवर तटबंध की पूर्णरुपेण मरम्मती सहित सड़क निर्माण की दिशा में अग्रतर कार्रवाई सुनिश्चित करे।

SHRI S. SELVAKUMARA CHINNAIYAN (ERODE): Respected Chairman, Sir, I thank you for giving me this opportunity to speak.

In my Constituency, Kodumudi is a famous pilgrimage centre and people from all over the country go there to worship God Magudeeswarar. But the trains - Coimbatore to Nagarkovil Express, Mysore to Mayiladuturai Express and Coimbatore to Mayiladuturai Express as also inter-city express do not stop at Kodumudi Railway Station.

I would urge upon the hon. Railway Minister to take appropriate steps so that these trains stop at Kodumudi Railway Station for the benefit of general public.

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, I would like to draw the attention of the House to a very important matter. I am fortunate enough that the concerned Minister, Madam Sitharamanji, is also present here.

The fact is that closure of scores of tea gardens have become a nemesis for the entire north-Bengal area. Thousands of tea labourers have been inflicted by poverty and penury due to closure of the tea gardens in north-Bengal.The fly-by-night operators who are virtually ruling the roost in the tea industry have made the life of the tea workers more severe and difficult. I have personally visited those closed tea gardens and found that those tea labourers are living in distress and in utter deprivation. They are virtually landed in abysmal despair. They do not have any viable alternative to eke out their livelihood. In such a situation, finding no alternative, they are even selling their kids and even flesh trade has become rampant in those areas.

I would urge upon the hon. Minister to have a personal visit to those closed tea garden and save those poor people from starvation deaths. Already starvation deaths have been reported from that area. Madam, this area has been compared by the common people with Kalahandi and Somalia. … (*Interruptions*)

HON. CHAIRPERSON : Shri Mohammad Salim may be allowed to associate with the issue raised by Shri Ahir Ranjan Chowdhury.

SHRI BHEEMRAO B. PATIL (ZAHEERABAD): Sir, I would like to bring to your kind attention the provisions made in the Andhra Pradesh Reorganisation Act, 2014 which I am quoting for your kind perusal.

> "The Ministry of Road Transport and Highways shall take necessary steps to improve road connectivity in backward regions of the successor State of Telangana."

The existing two-lane section of Akola Nanded, Sangareddy Road, NH 161 covering a length of 140 kilometres passing through Telangana State is a very important NH link connecting Maharashtra and Telangana State. This section should be considered for widening to four-lane section during 2014-15.

Extension of National Highway No. 16 the New NH 63), Jadgalpur – Bhopalpatnam-Sironacha-Nizamabad upto Madnoor on National Highway No.

161 to provide National Highway connectivity to border region of Maharashtra and Telangana.

The work of four laning of Sangareddy to Karnataka State border section of National Highway No. 9 (the new NH 65) should be done expeditiously.

The hon. Chief Minister of Telangana State has already submitted a memorandum to the hon. Prime Minsiter and requested for declaration of new National Highway covering a length of about 4207 kilometres. The demand of the State Government should be accepted and the new National Highways for 4207 kilometres of length should be declared at the earliest.

In order to accelerate integrated road development programme of Telangana State, a special package of Rs. 10,000 crore should be granted at the earliest.

SHRI MD. BADARUDDOZA KHAN (MURSHIDABAD): Mr. Chairman Sir, I have a major problem in my area and I wish to say something about it.

There are at least 75 kilometres of Indo-Bangladesh border in my constituency. The BSF is there to protect our country and stop smuggling. Generally, they are to stay at zero point. But sometimes they are coming to the locality and torturing common people and poor villagers like indulging in assault, sexual assault, custodial death, abuse, threat, etc. Specially, the people along the international border at Jalangi and Raninagar blocks are the victims of BSF in many ways. Sometimes, when people are going to cultivate land in the border area, the BSF seizes their own cattle under the false charges of smuggling. This year, the BSF has announced not to cultivate jute in border area. Milk producers are also under threat in these areas alongwith their cows. The BSF is not controlled by the State Government. Many reports of torture are published in newspapers also. Human rights are violated seriously in the border area of our district. My question is, who will control the BSF in those areas? What is the view of the Government about such a serious concern? Why not the BSF get special training about how to behave with the common people of the border areas?

श्री हुक्मदेव नारायण यादव (मधुबनी) : सभापति महोदय, बिहार में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के नाम पर एक कृषि विश्वविद्यालय है। उस कृषि विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाने का प्रस्ताव भारत सरकार के अधीन कई बार आया, लेकिन उस पर कोई निर्णय नहीं हुआ। बिहार के पिछड़े इलाके में उस कृषि विश्वविद्यालय के कारण खेती में बहुत क्रांति हुई है और कृषि में प्रगति हुई है।

मैं भारत सरकार से आग्रह कहता हूं कि आप डॉ. राजेन्द्र प्रसाद कृषि विश्वविद्यालय को केन्द्रीय विश्वविद्यालय बनाकर बिहार के पिछड़ेपन के विकास में सहयोग करें।

15.30 hrs.

PRIVATE MEMBERS' BILLS- Introduced

HON. CHAIRPERSON: Now, the House will take up Private Members' Business.

Shri Om Prakash Yadav is to move for leave to introduce his Bill.

(i)Basic and Primary Education (Compulsory Teaching in Mother Tongue) Bill, 2014*

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि बच्चों को बुनियादी और प्राथमिक शिक्षा प्रदान करने में सभी शिक्षण संस्थाओं द्वारा मातृभाषा के अनिवार्य प्रयोग और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. CHAIRPERSON : The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for the compulsory use of mother tongue in imparting basic and primary education to children in all educational institutions and for matters connected therewith and incidental thereto."
>
> *The motion was adopted.*

श्री ओम प्रकाश यादव : मैं विधेयक पुरःस्थापित** करता हूँ।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, Dated 25.07.2014.

** Introduced with the recommendation of the President.

15.31 hrs.

(ii) Constitution (Amendment) Bill, 2014*
(Amendment of the Eighth Schedule)

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि भारत के संविधान का और संशोधन करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. CHAIRPERSON: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill further to amend the Constitution of India. "

The motion was adopted.

श्री ओम प्रकाश यादव : महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूँ।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, Dated 25.07.2014.

15.32 hrs.

(iii) Sanskrit Language (Promotion) Bill, 2014*

श्री ओम प्रकाश यादव (सीवान) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूँ कि संस्कृत भाषा का संवर्धन जिसमें विद्यालयों में इसका अनिवार्य अध्यापन शामिल है तथा उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

HON. CHAIRPERSON: The question is:

> "That leave be granted to introduce a Bill to provide for promotion of Sanskrit language including its compulsory teaching in schools and for matters connected therewith or incidental thereto."

The motion was adopted.

श्री ओम प्रकाश यादव : महोदय, मैं विधेयक पुरःस्थापित करता हूँ।

---

* Published in the Gazette of India, Extraordinary, Part-II, Section-2, Dated 25.07.2014.

15.33 hrs.

NATIONAL MINIMUM PENSION (GURANTEE) BILL, 2014...Contd.

HON. CHAIRPERSON: Hon. Members, now the House will now take up the next item in the agenda for discussion.

Before I call upon Shri Nishikant Dubey to move the Motion for consideration of his Bill, namely the National Minimum Pension (Guarantee) Bill, 2014, the time for discussion of the Bill has to be allotted by the House. If the House agrees, two hours may be allotted for discussion of the Bill.

SEVERAL HON. MEMBERS: All right.

HON. CHAIRPERSON: Agreed.

Now, Shri Nishikant Dubey to speak.

श्री निशिकान्त दुबे (गोड्डा) : मैं प्रस्ताव करता हूं कि देश में सभी पेंशनभोगियों, जिनमें वे व्यक्ति भी शामिल हैं जिन्होंने असंगठित और निजी क्षेत्र में कार्य किया है, को प्रत्याभूत न्यूनतम पेंशन का संदाय करने तथा उससे संबंधित विषयों का उपबंध करने वाले विधेयक पर विचार किया जाए।

धन्यवाद सभापति महोदय, यह बड़ा ही महत्वपूर्ण बिल है। पहली बार तो कोई मौका नहीं मिला और दूसरी बार जब एमपी बना, तो यह मौका मिला कि प्राइवेट मेंबर बिल एक नम्बर पर आ गया और उस पर डिस्कशन स्टार्ट हो गया। कोई फिक्सिंग नहीं हुई। आज जिस सेक्टर के लिए मैं बात करने जा रहा हूँ, हम यहाँ पर जितने भी मेम्बर ऑफ पार्लियामेंट बैठे हुए हैं, उनके दिल से जुड़ा हुआ विषय है। वही हमको वोट देते हैं, वही चुनते हैं, वही इस देश के मालिक हैं। उनकी जो स्थिति है, वह इतनी खराब है कि हम और आप चूंकि लोक सभा से बार-बार चुनकर आते हैं, बार-बार जनता के बीच जाना होता है। इसलिए उसमें बताने की आवश्यकता नहीं है कि उनकी परेशानी क्या है? यह बिल क्या कहता है? यह बिल कहता है कि भारत में बहुसंख्यक पेंशनभोगियों की दशा अत्यंत दयनीय, दुखद और निराशाजनक है। इस बिल के जो ऑब्जेक्ट्स एंड रीजन हैं, वे समाज में बेहतर व्यवहार पाने के हकदार हैं, विशेषकर इस कारण से,

क्योंकि किसी समय उन्होंने समाज की सेवा की थी या कर रहे हैं। अतः यह समाज का उत्तरदायित्व है कि वह उनके साथ आदरपूर्ण व्यवहार करे और यथासंभव उनकी समस्याओं का निराकरण करें।

इस विधेयक का आशय प्रत्येक पेंशनभोगी को न्यूनतम पेंशन की संदायगी का उपबंध करना है, जिनमें वे व्यक्ति भी शामिल हैं, जिन्होंने असंगठित क्षेत्र और निजी क्षेत्र में काम किया है। चूंकि न्यूनतम पेंशन की संदायगी का प्रावधान उन व्यक्तियों के लिए भी किया जा रहा है, जिन्होंने असंगठित और निजी क्षेत्र में कार्य किया है, यह जनसंख्या के एक बड़े भाग के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करेगा। यद्यपि इससे पेंशनभोगियों की सभी समस्याओं का हल नहीं होगा, तथापि उनको इससे कुछ राहत मिलेगी, इससे उन्हें यह संतोष भी होगा कि उनकी समस्याओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जा रहा है। इस देश में सात प्रतिशत ऐसे लोग हैं जो संगठित क्षेत्र में काम करते हैं, जिनके एनपीएस और ईपीएफ जैसी संस्थाएं हैं। जब माननीय मंत्री जी जवाब देने के लिए खड़े होंगे, यही सब बातें कहेंगे। लेकिन 93 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, आप इस आंकड़े पर ध्यान दीजिए, कि इस देश में सात प्रतिशत लोगों के पास ही सोशल सिक्योरिटी है और 93 प्रतिशत ऐसे लोग हैं, जिनके पास, यदि वे बीमार हो जाएं, इलाज के लिए भी पैसा नहीं है। यदि उनको दिल्ली आना हो, जैसे हमारे झारखण्ड से किसी को दिल्ली आना है, तो वे भी जब तक पैसा किसी दूसरे से नहीं मांगेंगे, उनके पास टिकट का भी पैसा नहीं होगा, जनरल क्लास में सफ़र करने का भी पैसा नहीं होता है। वे कौन लोग हैं? वे लोग हैं कृषि क्षेत्र में काम करने वाले मजदूर, नरेगा में काम करने वाले मजदूर। आप कितने दिन का पैसा देते हैं? आप उनको वर्ष में 100 दिन का पैसा देते हैं। 100 दिन के पैसे में आप उनको कितना ज्यादा से ज्यादा देते होंगे? साल में साढ़े बारह हजार करोड़ रुपये दे देते होंगे या चौदह हजार करोड़ रुपये दे देते होंगे, कहीं-कहीं यदि मजदूरी 200 रुपये प्रतिदिन होगी, तो मान लीजिए उनको 20000 रुपये साल में देते हैं। 20000 रुपये साल में मिलने का मतलब यह है कि उनको एक हजार से डेढ़ हजार रुपये महीने मिलते हैं और उस पैसे से उनको चार-पांच लोगों को पालना होता है। यदि रंगराजन कमेटी की रिपोर्ट को आधार माना जाए, तब आपको लगेगा कि हम उनके लिए दाल-रोटी की व्यवस्था कर पा रहे हैं, लेकिन यदि आप रंगराजन कमेटी की रिपोर्ट को नहीं मानते हैं, तेंदुलकर कमेटी की रिपोर्ट को नहीं मानते हैं, तो आपके सामने यह समस्या आएगी कि उनको खाने के लिए एक जून की रोटी मिलती है, दाल खाएंगे या नहीं, सब्जी होगी या नहीं, चपाती एक खाएंगे या दो खाएंगे। यह बहुत बड़ी समस्या है। दूसरी समस्या यह है कि जो लोग गाय-भैंस चराते हैं या पहाड़ों पर जो लोग भेड़-बकरी चराते हैं, आप यह समझिए कि वे लोग सुबह भेंड़-बकरी लेकर जाते हैं और जिन लोगों की भेंड़-बकरी या गाय-भैंस लेकर वे जाते हैं, गांवों में लेकर जाते हैं, वे उनको किसी महीने पैसा दे देते हैं और किसी महीने नहीं देते हैं। उन लोगों को हम सोचते हैं कि वे कहीं न कहीं काम कर रहे हैं। इस तरह के लोग हैं। तीसरी तरह के वे लोग

हैं जो कुटीर उद्योगों में काम करते हैं। हमारा एमएसएमई सेक्टर, लघु उद्योग का सेक्टर है, जिसमें डायमंड के क्षेत्र में काम करने वाले लोग हैं, सिल्क के क्षेत्र में काम करने वाले लोग हैं, बुनकर हैं। इस तरह के लोग हैं। हम हमेशा कहते हैं कि हमारा एमएसएमई सेक्टर इस देश में करेंट एकाउण्ट डेफिसिट को खत्म करता है, 40 प्रतिशत पैसा वही लाता है, एक्सपोर्ट करता है, उसमें 70 प्रतिशत लोगों को रोजगार मिलता है। किस तरह का रोजगार होता है? रोजगार इसी प्रकार का होता है, जिसका काम चल गया, बढ़िया हो गया, तो वे पैसा दे पाते हैं। अगर पैसा नहीं दे पाते हैं, तो उसके बाद वे भूखे मरते हैं और उनके पास फिर वही परेशानी है। इसके बाद बढ़ई है, कारपेंटर हैं। गांव में काम करने वाले जो कारपेंटर हैं, जिनको आप वर्ण-व्यवस्था में कुछ भी कहें, लेकिन वह उनका हुनर है। आप कारपेंटर को कितना पैसा देते हैं? कारपेंटर को यदि काम नहीं मिलेगा, तो वे शहर की ओर पलायन करते हैं। शहर में, आप यदि इस दिल्ली शहर की बात करेंगे, तो 10X10 के एक-एक कमरे में बीस-बीस लोग रहते हैं, उनके लिए सेनिटेशन की व्यवस्था नहीं है, खाने की व्यवस्था नहीं है, पीने के पानी की व्यवस्था नहीं है, वे बढ़िया से स्नान नहीं कर पाते हैं। इस तरह के लोग हैं। इसी तरह की स्थिति लोहार की भी है। लोहार का भी यही हाल है, कहार का भी यही हाल है, कुम्हार का भी यही हाल है। यह जो असंगठित क्षेत्र है, जिसके बारे में हम जाति के नाम पर बात करते हैं, यदि आप हुनर के आधार पर देखेंगे, तो इन रोजगार पाने वालों को कोई अच्छी व्यवस्था दे पाने में हम अक्षम होते हैं। जब हम चुनाव में जाते हैं तो हम उनसे कहते हैं कि हम तुम्हारे लिए स्वर्ग ला देंगे, हम तुम्हारी आवाज़ संसद में उठाएंगे और सरकार को, मंत्रियों को हमारी बात सुननी पड़ेगी, इस तरह से आपको आपकी व्यवस्था मिल जाएगी, साधन मिल जाएंगे।

दिल्ली में कई गरीब लोग अपने परिवार के साथ रहते हैं। उनके बच्चे कहां रहते हैं, उनकी बीवी रहती है यू कह लीजिए कि अंडमान-निकोबार में, समझिए कि उसे हमने कालापानी की सजा दे रखी है। उनके बच्चे पढ़-लिख रहे हैं या नहीं, गुंडे या बदमाश हो रहे हैं, कुछ पता नहीं है, क्योंकि उनके पास न तो बच्चों को पढ़ाने के लिए और न ही परिवार के लिए अच्छी तरह से रहन-सहन के लिए पर्याप्त पैसा होता है, बड़ी मुश्किल से घर चलाने के लिए पैसे मिलते हैं।

इसी तरह से फिशरमैन हैं। यहां पर कोस्टल एरिया से काफी सदस्य आते हैं। हम सुनते हैं कि मछुआरों के लिए बहुत काम हो रहे हैं, उनके लिए आयोग बन रहा है, बढ़िया काम कर रहे हैं। लेकिन फिशरमैन की स्थिति क्या है, नदी-समुद्र में जाते हैं मछलियां पकड़ने। यहां पर हमारे सदस्य अधीर चौधरी जी बैठे हैं, इनके यहां काफी तालाब हैं। यह जानते हैं कि अगर मछली उन्हें मिल गई तो सही और नहीं मिली तो फिर कोई काम नहीं। इसी तरह से बीड़ी मजदूर हैं। जिन इलाकों में बीड़ी बनती है, वहां बीड़ी

मजदूरों की स्थिति बड़ी दयनीय है। बीड़ी वर्कर्स में महिलाएं और पुरुष दोनों शामिल हैं। उनके लिए सरकार कहती है कि हमने साधन दे दिए, यह कर दिया, वह कर दिया। लेकिन क्या कभी सोचा है कि जब उन्हें टीबी हो जाती है तो उनका क्या होता है। जब वे मर जाते हैं, तो उनके परिवार वालों का, उनकी स्त्रियों का क्या होता है, हम उनके इलाज की क्या व्यवस्था करा पाते हैं, इस पर भी ध्यान देना चाहिए।

इसी तरह से कंस्ट्रक्शन वर्कर्स हैं। कृषि के बाद कंस्ट्रक्शन के काम में सबसे ज्यादा मजदूर काम करते हैं। अगर कोई मजदूर कंस्ट्रक्शन के काम में लगा हुआ है और भवन बना रहा है, किसी इंजीनियर या ठेकेदार की गलती के कारण अगर इमारत धराशायी हो जाए, तो उसका क्या होगा, उसके परिवार का क्या होगा और उसके जो छोटे-छोटे बच्चे हैं, दो-चार साल के, उनका क्या होगा, वे कहां से पढ़ेंगे। उसकी पत्नी का क्या होगा, क्योंकि वह ऐसे माहौल में रह रही है कि कभी घर से बाहर निकली ही नहीं, जिसने समाज को नहीं देखा। कंस्ट्रक्शन वर्कर मर गया, हम समझौता कराने जाते हैं, नौकरशाह, ठेकदार और हम सब मिलकर समझौता करते हैं तथा 5000 रुपए या 10,000 रुपए मुआवजे के रूप में देकर चले आते हैं। लेकिन हम कभी यह नहीं सोचते कि इतनी रकम से उसके परिवार का क्या होगा, उसके बच्चों का क्या होगा।

इसी तरह से जो जंगलों में काम करते हैं, कचरा उठाने वाले लोग हैं, स्क्रैप ढोने वाले लोग हैं। वे दिन भर गलियों में लोहा दीजिए, लोहा दीजिए या पेपर दीजिए, आवाजें लगाते हैं और रद्दी सामान इकट्ठा करते हैं। वे इस तरह की चीजों से रोज जूझते हैं। फिर जब हम अपने गांव जाते हैं तो वहां स्ट्रीट वेंडर्स को देखते हैं। इसी सदन ने स्ट्रीट वेंडर्स की भलाई के लिए बिल पास किया था। लेकिन हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट का आदेश है कि स्ट्रीट वेंडर्स को देखो और भगा दो, रोड खाली कराओ। स्ट्रीट वेंडर्स में वे लोग आते हैं जो रेहड़ी लगाते हैं, खोमचा लगाते हैं, चाय, पावभाजी बेचता है, झारखंड और बिहार में झालमूड़ी खाते हैं, उसे बेचते हैं या कपड़ा-गारमेंट बेचते हैं। एक ही आदमी पर पूरा परिवार निर्भर करता है। इस तरह के लोगों की संख्या 93 प्रतिशत है और ये सब असंगठित क्षेत्र में आते हैं। देश की 67 साल की आजादी के बाद भी हम इनके लिए कुछ मुहैया नहीं करा पाए। इसीलिए मैं यह बिल लेकर आया हूं कि सरकार कम से एक्टीवेट हो और सरकार इन लोगों के बारे में सोचे। पहले क्या होता था, एक बहुत बढ़िया संस्कृत का श्लोक है –

अभिवादनशीलस्य नित्यं वृद्धोपसेविनाः।
चत्वारी तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम।।

वह यह कहता है कि हम यदि बड़े बुजर्ग का सम्मान करेंगे, अभिवादन करेंगे, रोज करेंगे तो क्या होगा, चत्वारी तस्य वर्धन्ते आयुर्विद्या यशोबलम, हमारी आयु, विद्या यश और बल, ये चारों बढ़ेंगे। आज क्या होता

है, आप समझिए कि संयुक्त परिवार का पूरा का पूरा कंसेप्ट तहस-नहस हो गया है। परिवार में लड़ा काम करने लगा। जैसे मैं दिल्ली में रहता हूं, मेरा छोटा भाई मुम्बई में रहता है। हम अपने पेरेंट्स को यहां लाने का प्रयास करते हैं, वे आते हैं। कभी मेरे यहां और कभी छोटे भाई के महीना-दो महीना रह गए। कभी कभार मेरी बहनों के यहां रहने चले गए। लेकिन उनका मन अपने गांव में ही लगता है। गांव में यदि लगता है तो हम परिवार के सभी लोगों को चिंता रहती है कि उन्हें अच्छी मेडिकल फैसेलिटी मिलेगी या नहीं। उन्हें अच्छे नौकर मिलेंगे या नहीं मिलेंगे। उन्हें गाड़ी मिलेगी या नहीं मिलेगी। यदि हमारे पास साधन हैं तो हम इसकी अपेक्षा करते हैं और अपने माँ-बाप को बढ़िया तरीके से रख पाने में सक्षम होते हैं। लेकिन जो गरीब आदमी है, जो दस-बाई-दस के कमरे में दिल्ली में रह रहा है, जिसे बस या मैट्रो में जाने के बाद 500-1000 रुपया ही महीने में बच पाता है, चाहे वह दिल्ली, मुम्बई या कोलकाता में रहता है। लेकिन उनके बुजुर्गों का क्या होगा? संयुक्त परिवार सिस्टम इसीलिए तहस-नहस हो रहा है। हम सोचते हैं कि बड़े बुजुर्गों बेकार में पड़े हुए हैं, जल्दी इनकी मृत्यु हो जाए तो अच्छा है। उसका कारण ये नहीं है कि हम चाहते हैं कि उनकी मृत्यु हो जाए, उसका कारण ये है कि हमारे पास संसाधन नहीं हैं, साधन नहीं हैं। स्टेट ने जो ओल्ड-ऐज के नाम पर पैसा दे रखा है वह बहुत ही कम है। कहीं 150-200-250-500 रुपये देते हैं, इससे क्या कहीं घर चलने वाला है, पांच सौ रुपये से क्या होने वाला है? हमने टार्गेट फिक्स कर दिया है कि बीपीएल की कैटेगरी अलग है, एपीएल की कैटेगरी अलग है। मैं जब स्टेंडिंग कमेटी फाइनेंस का मैम्बर था तो माननीय महताब जी बड़े सीनियर मैम्बर हैं, मैं उनका बहुत आदर करता हूं और वे जब भी बोलते हैं बड़ा अच्छा बोलते हैं, तो हम लोगों के सामने सुधा पिल्लई जी आई थीं। वह प्लानिंग कमेटी की मैम्बर सैक्रेट्री थीं। हमने अपनी कमेटी की रिपोर्ट में कहा है कि उन्होंने ऑन-रिकार्ड कहा कि जो इस देश की पॉलिसी बन रही है, राजीव गांधी विद्युत्तीकरण योजना है, पीडीएस सिस्टम है, या समाज को आगे बढ़ाने का सवाल है, हमने टार्गेट कर लिया है कि हम गरीब को देंगे। वर्ष 1995-96 के पहले अगर किसी को गरीब कह दीजिए तो उसे यह गाली नजर आती थी लेकिन आज जमाना आ गया है कि आप किसी को गरीबी की रेखा में डाल रहे हैं या नहीं डाल रहे हैं, सारे एमपीज-एमएलएज को यही टेंशन है। लोग कहते हैं कि आप हमारा लाल-कार्ड बनवा रहे हैं या नहीं, बीपीएल में हमारा नाम डाल रहे हैं या नहीं डाल रहे हैं? इस सरकार की पॉलिसी ने ऐसी सिचुएशन क्रेट कर दी है कि गरीब के लिए अलग, अमीर के लिए अलग, व्यापारी के लिए अलग, एमपी के लिए अलग, मजदूर के लिए अलग कानून है और इस पॉलिसी ने इस देश का कबाड़ा कर दिया। सुधा पिल्लई जी ने ऑन-रिकार्ड कहा कि यह इस देश का फैशन बन गया है और इसी टार्गेटिड चीज के कारण सभी लोग गरीब रहना चाहते हैं, कोई अमीर नहीं होना चाहता है। जब

आप ओल्ड-ऐज पैंशन देते हैं तो उसमें ऐसे लोग हैं जो जाति के आधार पर हो, चीजों के आधार पर हो, आर्थिक आधार पर हो।

मान लीजिए कि किसी के पास जमीन है, आप कह रहे हैं कि इसके पास जमीन है, इसके पास छत है। बड़े बुजुर्ग जो गांव में रह रहे हैं उनकी स्थिति देखिये? मेरे पिता जी 70 साल के हो गये, मां 68 साल की हैं, क्या मैं उनसे कल्पना करुंगा कि वे खेती करेंगे। जब वे खेती नहीं कर पायेंगे, किसी के साथ बंटाईदारी करेंगे तो क्या वे अपना पेट पालने की स्थिति में हैं? यदि नहीं हैं तो आपने जो एक लॉलीपॉप थमाने का, पैंशन देने का काम किया है क्या यह सही है? जितनी भी सब्सिक्वेंट सरकारें रही हैं, उन्होंने जो लॉलीपॉप थमाने का काम किया है, उसके कारण यह इतनी बड़ी समस्या हो रही है जिसका कि आप लोगों को कोई न कोई हल ढूंढना पड़ेगा।

सभापति जी, मैंने अपने बजट भाषण में कहा है कि आप नेशनल पैंशन सिक्योरिटी फंड बनाइये। आप इतनी सारी चीजें बना रहे हैं, आपके पास इतने साधन हैं। मैंने कहा कि कम से कम उसकी शुरुआत कीजिए। आप 50 हजार करोड़ रुपये का एक फंड बनाइये और फंड बनाने के बाद स्टेट गवर्नमेंट को भी कहिये, क्योंकि यहां से आप पॉलिसी बना देते हैं जैसे मनरेगा जैसी पॉलिसी बना दी, सर्व-शिक्षा-अभियान बन गया, राजीव गांधी विद्युतीकरण प्रोग्राम बन गया। राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना कांग्रेस सरकार ने बनाई, अधीर साहब ने बनाई। उन्होंने कहा कि सब गांवों को बिजली दे देंगे। बिजली में क्या दिया उन्होंने कि केवल बीपीएल को ही बिजली देंगे। यानी गरीब आदमी बिजली में रहेगा और अमीर आदमी बिजली में नहीं रहेगा। उसके लिए 10 किलोवाट का, 16 किलोवाट का ट्रांसफोर्मर दे दिया। अब अमीर आदमी यदि गांव में दबंग है तो उसने क्या किया? जबर्दस्ती बिजली जलाना शुरु कर दिया। गांव का ट्रांसफोर्मर या तो चोरी हो गया या जल गया। इस तरह की पॉलिसी मत बनाइये। इसी तरह की पॉलिसी का यह कमाल है कि इस तरह की सिचुएशन पैदा हो गयी। राज्य सरकार के ऊपर कभी आप राजीव गांधी विद्युतीकरण के नाम पर, कभी सर्व-शिक्षा अभियान के नाम पर, कभी फूड-सिक्योरिटी के नाम पर, कभी नरेगा के नाम पर जो दे रहे हैं तो सोशल सिक्योरिटी स्कीम माइंडलेस पॉपुलरिज्म के कारण आप जो इम्प्लीमेंट करने का काम करते हैं वह पूरा नहीं होगा।

एक यूनीवर्सल पेंशन स्कीम आप लागू कीजिए, जिन्हें लेना होगा वे लेंगे और जिन्हें नहीं लेनी होगी वे नहीं लेंगे। आपको पता है कि पीडीएस सिस्टम की क्या समस्या है? छत्तीसगढ़ में पीडीएस सिस्टम क्यों अच्छा है और दूसरी जगह क्यों खराब है। क्योंकि वर्ष 1996-97 में आपको ध्यान होगा कि जितने सभी लोगों ने नाम पर चाहे वे गरीब थे या अमीर थे, सभी के नाम पर राशन कार्ड होता था। अधीर साहब, आपके

नाम पर भी होता था और हमारे नाम पर भी था। एक समय ऐसा आया कि 1996-97 में हमने कहा कि नहीं, एकदम गरीबों को ही राशन कार्ड देंगे, इसमें अमीर का कोई मतलब नहीं है। अमीर को यदि बासमती चावल खाना होगा तो वह क्यों वह राशन का गेहूं या चावल खरीदने जाएगा। वह गरीब का हक क्यों मारने जाएगा? इस तरह के केवल दो-चार परसेंट लोग ही हो सकते हैं। लेकिन वह एक ऐसा सिस्टम था जिसमें ट्रिपिंग नहीं होती थी। आज ऐसा हो गया है कि मार्केट में सामान के दाम एकदम बढ़ रहे हैं, यदि 1996-97 के पहले की स्थिति देखें, चाहे मिनिमम स्पोर्ट प्राइज का सवाल हो, चाहे मार्केट में चावल, आटा, दाल का भाव हो, उनमें जो फर्क आया है, वह यही आया है कि हमने वोट बैंक की राजनीति के आधार पर अपने माइंड को बदल दिया है और उस माइंडसेट का प्रभाव है कि इस तरह की स्थिति उत्पन्न हुई है। अगर आप गरीबों के कल्याण के लिए सोचते तो इस तरह की बात ही सोचनी चाहिए।

दुनिया में सोशल सिक्योरिटी क्या है? ऐसा नहीं है कि हम अपने यहां कोई नई चीज लागू कर रहे हैं और वह दुनिया में कहीं लागू नहीं है। सोशल सिक्योरिटी का जनक विस्मार्क है। वर्ष 1889 में जर्मनी में सोशल सिक्योरिटी, हुआ यह था कि जर्मन पार्लियामेंट में एक कानून पास हुआ था और उस वक्त उन्होंने कहा था कि "Those who are disabled from work by age and invalidity have a well-grounded claim to care from the state." यह जर्मनी में अपना कानून 1889 में पास किया था। जर्मनी में सोशल सिक्योरिटी उसी वक्त से लागू है। उसके बाद जब यह आगे बढ़ा तो यूएसए में क्योंकि यूएसए अपने आपको बहुत बड़ा डेमोक्रेटिक स्टेट मानता है, वहां सिविल वार अमीर और गरीब में हो गई और पचास परसेंट से ज्यादा लोग गरीबी रेखा के नीचे जी रहे थे। वर्ष 1776 में उन्होंने डिक्लेयरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस किया, सोशल सिक्योरिटी लागू करने के लिए वे 1776 से सोच रहे हैं। आप यह सोचिए कि हम कम्पीट करने की बात सोचते हैं, हम कहते हैं कि हम वर्ल्ड इकोनोमी बनेंगे, हम अमेरिका से आगे जाएंगे, भारत विश्व गुरु बनेगा। इसमें किसको परेशानी है? इसमें परेशानी यह है कि वर्क फोर्स, वर्क फोर्स क्या है। आप हमेशा कहते है कि भारत युवाओं का देश है। हमारी युवा पापुलेशन दुनिया में सबसे ज्यादा है। कभी आपने सोचा है कि आज आप सैकेंड लार्जेस्ट ओल्ड एज पोपुलेशन में भी गुजर रहे हैं। 18 करोड़ लोग वर्ष 2020 से ले कर 2025 तक साठ साल से ऊपर हो जाएंगे और आप दुनिया में नम्बर एक पर ओल्ड एज पापुलेशन हो जाएंगे। जिस तरह से युवा बढ़ रहा है, उसी तरह से यहां बूढ़े लोग भी बढ़ रहे हैं। आप युवाओं के लिए सारी पालिसी बना रहे हैं। आप बूढ़े लोगों के लिए पेंशन बनाइए। अमेरिका ने 1776 में शुरू किया और उसने इस चीज को आगे बढ़ाया। आपको मालूम है कि पुलमान स्ट्राइक हुई थी। यह 1881 की बात है। 1776 में भी जब ये सफल नहीं हुए तो पुलमान स्ट्राइक हो गई और इतनी बड़ी स्ट्राइक हुई तो लगा

कि अमेरिका कहीं न कहीं रुक जाएगा, टूट जाएगा और गरीब तथा अमीर के बीच इतनी बड़ी खाई हो जाएगी कि उसे पार पाना मुश्किल है। इसके बाद 1935 में अमेरिका ने सोशल सिक्योरिटी एक्ट पास किया और रूजबैल्ट वहां के 1930 में जब राष्ट्रपति हुआ करते थे तो उन्होंने इस सिस्टम को आगे बढ़ाया और अमेरिका में यह सिक्योरिटी सिस्टम 1935 से लागू है। सौ साल बाद भी हम इस चीज को यहां पर लागू करने में अपने आप में परेशानी अनुभव कर रहे हैं। इसके बाद जर्मनी में, अमेरिका में, फ्रांस में, ये सारे सोशल सिक्योरिटी के सिस्टम लागू हो गये तो 1919 में प्रथम विश्व युद्ध के बाद इंडियन लेबर ऑरगेनाइजेशन बना और आईएलओ ने अपना 102 कंवेंशन जो कहता है:-

ILO Convention No. 102 says:

> "Covering minimum standard of social security like medical care, sickness benefit, unemployment benefit, old-age benefit, invalidity benefit, employment injury benefit, family benefit, maternity benefit and survivor's benefit is very much important. "

It was adopted in the year 1950.

आईएलओ ने फाइनली कंवेंशन नं. 102 में इन सारी चीजों को किया और जब हमारे फोरफादर्स ने संविधान बनाया जो 26 जनवरी 1950 को अपने ऊपर लागू किया।

Article 14 of our Constitutions says:

> "**Equality before law** – The State shall not deny to any person equality before the law or the equal protection of the laws within the territory of India."

सबको ईक्वल राइट है तो आप 7 प्रतिशत संगठित क्षेत्र के लिए बड़ा अच्छा काम कर रहे हैं। उनको आप सारा बैनेफिट, सारी सोशल सिक्योरिटी दे रहे हैं और यह जो 93 प्रतिशत हमारे मां-बाप हैं, अनऑरगेनाइज्ड सैक्टर है, प्राइवेट सैक्टर है, जैसे प्राइवेट सैक्टर में कोई आदमी काम कर रहा है और मान लीजिए कि 58 साल में नौकरी से निकाल दिया गया तो 60 साल के बाद वह क्या खाएगा, इसके बारे में क्या कभी सोचा है? इसीलिए इसमें यह कहा कि आप डिसक्रिमिनेट नहीं करेंगे और आज डिसक्रिमिनेशन हो रहा है। इसी से आगे बढ़कर आर्टिकल 41 और 42 कहता है:

Similarly, Article 41 of our Constitution says:

> "**Right to work, to education and to public assistance in certain cases --** The State shall, within the limits of its economic capacity and development, make effective provision for securing the right to work, to education and to public assistance in cases of unemployment, old age, sickness and disablement, and in other cases of undeserved want. "

Then, Article 42 of our Constitution says:

> "**Provision for just and humane conditions of work and maternity relief --** The State shall make provision for securing just and humane conditions of work and for maternity relief."

Then, Article 43 of our Constitution says:

> **"Living wage, etc., for workers –** The State shall endeavour to secure, by suitable legislation or economic organization or in any other way, to all workers agricultural, industrial or otherwise, work, a living wage, conditions of work ensuring a decent standard of life and full enjoyment of leisure and social and cultural opportunities and, in particular, the State shall endeavour to promote cottage industries on an individual or co-operative basis in rural areas.**"**

जब इतनी बातें संविधान ने कह दीं, हम रोज पार्लियामेंट में संविधान कोट करते हैं, उसी के आधार पर कानून बनाते हैं, जब उसने यह कह दिया कि ऑरगेनाइज्ड और अनऑरगेनाइज्ड का कोई मतलब नहीं है, पब्लिक और प्राइवेट का कोई मतलब नहीं है। सबको आपको समान अधिकार देना है, सभी के बारे में सोचना है, सबका विकास, सबका साथ। सबके अच्छे दिन आने वाले हैं।...(व्यवधान) सबके अच्छे दिन की कल्पना करने के लिए ...(व्यवधान) सबके अच्छे दिन आ गये। इसीलिए तो हम यह बिल लेकर आए हैं। आप यह बिल नहीं लाए हैं। यह सरकार की सोच कहलाती है। हम यह बिल लेकर आए हैं। माननीय नरेन्द्र मोदी जी की यह सोच है और आपको पता है कि इस देश में पहली बार ऐसा हुआ कि एक चाय बेचने वाला व्यक्ति इस देश का प्रधान मंत्री हुआ है।...(व्यवधान) इसीलिए मैं यह कह रहा हूं कि जब इस देश ने हमें एक मौका दिया है और भारत का यह इतिहास रहा है कि यदि वेद और पुराण की बात करेंगे तो हमने इसके बारे में बहुत कुछ सोचा है। हमारे यहां पहले से ये चीजें मौजूद थीं कि जिस जातिगत व्यवस्था को, हुक्मदेव नारायण बाबू जी इस पर ज्यादा बात करेंगे। जिस जातिगत व्यवस्था के बारे में हम बहुत ज्यादा बोलते हैं और मनु स्मृति बार बार कोट करते हैं। उस मनु स्मृति का एक बहुत अच्छा श्लोक है।

16.00 hrs.

मुन स्मृति का बहुत अच्छा श्लोक है -

आर्तस्तु कुर्यस्वस्यः सन् यथा भाषित मादितः
सदीर्घस्यामि कालस्य तथ्य भेंतो वेतनम्।।

16.01 hrs (Shri Hukmdeo Narayan Yadav *in the Chair*)

मनुस्मृति कहती थी कि किसी आदमी को रोजगार साल भर का मिलना है, किसी जाति, धर्म, संप्रदाय और वर्ग के आधार पर नहीं मिलना है। कोई आदमी यदि बीमार हो जाए, काम नहीं करे और जब वह लौट कर आए तो उसे उतने दिन का पैसा दीजिए। उनसे काम कराइए, यह काम उनका ही है, उन्हीं के माध्यम से होगा। इसका मतलब यह था कि मनुस्मृति, जिसके बारे में इतना क्रिटिसाइज होता है, कहता था कि हम इस देश में सभी चीजों को इक्वल लेते थे। जातिगत व्यवस्था नाम की कोई चीज नहीं थी। प्रो और पोस्ट आरयन वर्ण व्यवस्था ऐसी थी कि कर्म के आधार पर चीजें तय होती थी। आज अगर हम अपने बच्चों को आईटीआई करा रहे हैं, इंजीनियर बना रहे हैं, एमबीए करा रहे हैं और कोई पोलिटिशियन बन रहा है। इस तरह से यह कोई जाति नहीं है। कोई आईटीआई करता है, कोई कारपेंटर का काम सीख रहा है, कोई इलैक्ट्रीशियन का काम कर रहा है। यदि एक यूनियन बन जाए, जैसे इलैक्ट्रिशियन की यूनियन है, कारपेंटर की यूनियन है तो क्या इसे जाति कहेंगे? 1835 में अंग्रेजों के आने के बाद यह सिस्टम हुआ। मैं इसके लिए बहुत अच्छी बात कहता हूं कि हम किस वेद पुराण की बात कहते हैं? हम रामायण की बात कहते हैं, सबके घर में रामायण होगी, रामायण के रचियता कौन थे? महर्षि बाल्मिकी थे। यदि जाति की बात कहें तो वह अनुसूचित जाति के थे या नहीं? महाभारत की बात कहते हैं, वेद की बात कहते हैं, उपनिषद् की बात कहते हैं। किसने महाभारत ग्रंथ लिखा? महर्षि वेद व्यास ने लिखा। किसके बेटे थे? मछुआरे के बेटे थे। अनुसूचित जाति के बाल्मिकी थे जिन्होंने रामायण लिखी। महाभारत ग्रंथ महर्षि वेद व्यास ने लिखा। मैंने आर्टिकल 14, 41 और 43 कोट किया, संविधान के रचियता कौन हैं? डॉ. अंबेडकर हैं। कहां जाति व्यवस्था थी? कौन सा भगवान ब्राह्मण है? आप बताएं कि तमिल, तेलुगू, मलयालम, कन्नड़ बोलते हैं लेकिन मंदिर में पूजा करने जाते हैं तो क्या तमिल में उच्चारण होता है या संस्कृत में होता है? अधीर जी, आप बताएं कि बंगाल में क्या बंगाली में पंडित पूजा कराता है या संस्कृत में कराता है। यहां कविता जी बैठी हैं। आप बताएं कि तेलंगाना में पूजा में पंडित तेलुगू में बोलता है या संस्कृत में बोलता है। संस्कृत एक ऐसी भाषा थी जो कश्मीर से कन्याकुमारी को, काबुल से कंधार को जोड़ती थी। उस सिस्टम को 1835 में वर्ण व्यवस्था में डाल दिया। जातिगत व्यवस्था का दबदबा इतना हो गया, वोट बैंक की राजनीति इतनी

प्रभावी हो गई, हमारी सोच इतनी छोटी हो गई कि हमने सबको जातिगत एंगल से देखना शुरु कर दिया। इसका परिणाम यह हुआ कि जहां विकास होना चाहिए था, सबका विकास होना चाहिए था, सबके साथ विकास होना चाहिए था, उसे बंद कर दिया। मैं इसके जवाब में बाद में बोलूंगा लेकिन यह कहूंगा कि नए कन्वेंशन यहां तक कि वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट कह रही है कि पूरी दुनिया में जिस तरह ओल्ड एज के लोग बढ़ रहे हैं, उनके विकास के लिए सोचने की समग्र आवश्यकता है। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट कहती है, उसकी रिकमेंडेशन है -

1. "Reforming expensive and equitable Civil Service Pension Scheme.
2. Addressing the needs of millions of internal and international migrant workers in a globalised labour market.
3. Improving the performance of privately managed defined contribution scheme.
4. Increasing the transparency, accountability and efficiency and fund management of publicly managed scheme.
5. Mitigation preserved labour market incentive due to tax wages and incentive for early retirement."
6. And, the most important one is, "More systematically talking into account elements of the fourth pillar in particular how health insurance affects the adequacy of pension income and how other support mechanism affects elderly poverty prevalence."

यदि गरीबी को हटाना है, गरीबों को सचमुच न्याय देना है। तेंदुलकर की कमेटी, लकड़वाला की कमेटी, एन.सी.सक्सेना की कमेटी, रंगराजन की कमेटी, अमीरों की कमेटी, गरीबों की कमेटी, शेड्यूल्ड कास्ट की कमेटी, शेड्यूल्ड ट्राइब्स की कमेटी, ओबीसी की कमेटी, ब्राह्मणों की कमेटी, क्षत्रियों की कमेटी यदि इन सारी चीजों से दूर होना है तो इस देश के लिए युनिवर्सल पेंशन स्कीम ही एकमात्र तरीका है और वह तरीका यह नहीं है कि हम आपको बहुत कुछ दे पाने की स्थिति में होंगे। हम यह कह रहे हैं कि आपको कम से कम दो जून की रोटी और आत्मसम्मान मिलना चाहिए। आज बच्चे अपने मां-बाप को रखना नहीं चाहते, जो बूढ़े अपना इलाज कराना नहीं चाहते, जो अपने परिवार से मिलने के लिए किसी के ऊपर डिपैंडैन्ट होते हैं। आप जब मंदिर, मस्जिद और गुरुद्वारे में जाते हैं तो आपको एक बड़ी फोर्स भिखमंगों की नजर

आती है, यदि हम उन्हें सम्मान से जीना सिखा देंगे, यदि इससे कुछ कर पायेंगे तो हम इस देश के लिए कुछ कर पायेंगे।

इसीलिए मंत्री महोदय मेरा आपसे आग्रह है कि आप मेरे इस बिल को स्वीकार कर लीजिए, इस देश में यूनिवर्सल पेंशन स्कीम लागू कर दीजिए। गरीबों का कल्याण कीजिए, गरीबों का कल्याण करेंगे, तभी कुछ होगा। ''आपदा मा पतन्तिनाम हितो अप्यायाती हेतुताम, मात्रि जंघा ही बत्सस्या असत्म भवति बंधने।''

क्योंकि आज आपके पास पावर है, आज आपके पास साधन है और हम कुछ कर पाने की स्थिति में हैं। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूं।

माननीय सभापति : बहुत महत्वपूर्ण विधेयक है, माननीय वक्ता यदि समय का ध्यान रखेंगे तो अधिक से अधिक लोग इसमें भाग ले सकेंगे। श्री अधीर चौधरी जी, आप बोलिये।

SHRI ADHIR RANJAN CHOWDHURY (BAHARAMPUR): Sir, Nishikant Dubey ji has already enlightened us on this issue without being exhaustive and I must appreciate his views, sentiments and emotions, which have been reflected by his speech and the legislation that he has brought.

SHRI RAJIV PRATAP RUDY (SARAN): Sir, I would like to bring it on record. मैं दोनों सदनों में रहा हूं, लेकिन मैं सरकार को बधाई देना चाहूंगा कि प्राइवेट मैम्बर बिल पर पहली बार मैंने देखा है कि भारत सरकार के पांच-पांच मंत्री इस समय सदन में बैठे हैं। यह लोक सभा के इतिहास में पहली बार हुआ है कि निजी विधेयक पर हो रही बहस को भारत सरकार के पांच मंत्री सुन रहे हैं। यह सरकार की गम्भीरता, सरकार की मजबूती और सरकार के हुनर को दर्शाता है। हम अपनी तरफ से और सदन की तरफ से बधाई देना चाहेंगे।

श्री अधीर रंजन चौधरी : ऐसा होना चाहिए, क्योंकि रोस्टर ड्यूटी तो लगी हुई है।

श्री राजीव प्रताप रूडी : रोस्टर तो पहले भी लगता था।

श्री अधीर रंजन चौधरी : अभी श्री नरेन्द्र मोदी जी भी कड़ा रुख अपना रहे हैं, इसलिए आप लोग यहां बैठे हैं, देखने में अच्छा लगता है। पीयूष गोयल साहब का ध्यान भी आकर्षित किये हैं। Sir, I would like to say that a graceful and honorable old-age is a childhood of immortality. हमारे देश में बूढ़े लोगों का हम हर वक्त सम्मान करते हैं। लेकिन आजकल ऐसा हो गया है कि हमारी आर्थिक व्यवस्था के चलते हम कभी-कभी ओल्ड एज पापुलेशन को अपना बर्डन समझने लगे हैं। जब पिछली यूपीए सरकार थी तो चुनावों की घोषणा होने के पहले they decided to ensure a minimum pension of Rs.1,000 a month under the retirement fund body, EPFO's scheme, which would benefit 28 lakh pensioners. It was said at that time that it would be a reality soon. An EPFO official told the PTI that Employees' Pension Scheme-95 (EPS-95) will be implemented now as the elections are over. So, it is incumbent upon the present dispensation to implement this because due to model code of conduct, it was stalled and now there is no obstruction in the way of implementing this scheme at least.

Since the day we were civilised and we started to lead a gregarious life, the society was formed. Since that time, it means the time immemorial, helping the

disadvantaged section of our society has become a practice, has become a norm of human civilisation.

Sir, in the Roman Empire, social welfare to help the poor was enlarged by the Emperor Trajan. Trajan's programme brought him acclaim from many, including Pliny the Younger.

In Jewish tradition, charity is a matter of religious obligation rather than benevolence. Contemporary charity is regarded as a continuation of the Biblical Maaser Ani as well as Biblical practices, such as permitting the poor to glean the corners of a field and harvest during the sabbatical year. Voluntary charity along with prayer and repentance is befriended to ameliorate the consequences of bad acts.

During the Song Dynasty in 1000 AD, the Government supported multiple forms of social assistance programmes including the establishment of retirement homes, public clinics and pauper's graveyards.

According to Robert Henry Nelson, the medieval Roman Catholic Church operated a far-reaching and comprehensive welfare system for the poor.

Last but not least, the concepts of welfare and pension were put into practice in the early Islamic law of the Caliphate in the form of *zakat*. Now-a-days, Muslim people are observing the Ramzan. There are five pillars of Islam and out of those five pillars, one pillar is *zakat*. During the time of Caliph Umar in the 7th Century, the taxes collected in the treasury of an Islamic Government were used to provide income for the needy, including the poor, elderly, orphans, widows and the disabled.

Early welfare programmes in Europe included the English Poor Law of 1601 which gave parishes the responsibility of providing poverty relief assistance to the poor. This system was substantially modified by the 19th Century Poor Law (Amendment) Act which introduced the system of workhouses.

It was predominantly in the late 19th and early 20th Centuries that an organised system of state welfare provision was introduced in many countries.

Otto Von Bismarck, Chancellor of Germany – already referred to by my esteemed friend, Shri Dubey – introduced one of the first welfare systems for the working classes in 1883. In Great Britain, the liberal government of Henry Campbell-Bannerman and David Lloyd George introduced the national insurance system in 1911, a system which was later expanded by Clement Attlee. The United States did not have an organised welfare system until the Great Depression where emergency relief measures were introduced under President Roosevelt. Even then, Roosevelt's new deal focussed predominantly on a programme of providing work and stimulating the economy through public spending on projects rather than on cash payment. So, Sir, it is not a new concept to us. However, in so far as India is concerned, we all know that it has the second largest population in the world. Further, India is one of the poorest countries in the world too.

Sir, in 1819, in a speech to mark the Independence of Venezuela, Simon Bolivar pronounced, which translates as follows : "The most perfect system of Government is that, which produces the greatest amount of happiness; the greatest amount of social security; and greater amount of political stability." We cannot expect political stability in any country whatsoever without social security. Therefore, I would like to give my suggestions now because I know that there is paucity of time. So, I am a little restive to put my suggestions so as to draw your attention as well as that of the entire House. Those who are in greatest need should be considered first, and development objectives should be given priority to the poorest and underprivileged.

I cannot entirely subscribe to the view of Shri Nishikant Dubey because everything cannot be run in India in a market-oriented manner. I am saying this because we have a big chunk of poor / underprivileged population who want to be fed by the country itself. The purpose is to eradicate poverty; promote full and productive employment; and encourage active participation in society by everyone. Therefore, I will put forward some suggestions, namely, right to social security; social security coordination; sickness, maternity and paternity benefits; old-age

benefit and surety, and orphanage security; and last but not least is the creation of a Social Security Tax Fund at a proportionate rate of income and benefit that may be extended to all who have meagre or no income as well.

Now, we are all very much familiar with some popular texts / verse, namely, demographic dividend; demographic eco; dependency ratio; and so on. We have to look into the Indian demographic profile if we want to peep into the depth of social security.

The lifespan of our population has increased due to the progress and development of India. डॉ. हर्ष वर्धन जैसे डॉक्टर लोग हमारे देश में हैं, इसलिए हमारी आयु बढ़ती जा रही है। जब हमारा देश आजाद हुआ था, उस समय हमारी औसत आयु 31 वर्ष थी। अब हमारी औसत आयु 67.5 वर्ष पहुंच चुकी है। ऐसा इसलिए हुआ क्योंकि हमने आम लोगों की जिन्दगी बचाने के लिए तरह-तरह की कार्यवाही की है, हम दवाईयों का इंतजाम कर चुके हैं। इन्हीं कारणों से आज हमारी औसत आयु बढ़कर 67 साल के आसपास हो चुकी है। 55 से 64 साल की आबादी की रेश्यो 6.9 परसेंट है। 25 से 54 साल की आबादी का हमारा रेश्यो 40 परसेंट है। हमारी जनसंख्या का ग्रोथ रेट 1.2 परसेंट है। हमारी डिपेंडेंसी रेश्यो 52 परसेंट है। मैं यह इसलिए कह रहा हूं क्योंकि हमारे लोगों की जितनी उम्र बढ़ती जाएगी, उतना ही हमें पेंशन व्यवस्था की जरूरत होगी। हम पीछे हैं। हमें जापानी सिंड्रोम के बारे में मालूम है। जापानी सिंड्रोम में डिपेंडेंसी रेश्यो में एक फैमिली को खिलाने के लिए चार वर्कर थे, आज दो हो गए हैं। हमारे हिन्दुस्तान में डिपेंडेंसी रेश्यो 52 परसेंट है। इसलिए हम कहते हैं कि हमें डेमोग्रेफिक डिवेडेंड मिलेगा क्योंकि काम करने वाले लोगों की संख्या हमारे देश में ज्यादा है। लेकिन आगे क्या होगा? आने वाले दिनों में हमारे देश में ज्यादा उम्र के लोगों की संख्या बढ़ती जाएगी। इन लोगों को सोशल सिक्योरिटी देने की जरूरत और ज्यादा महसूस होगी। अमेरिका, यूरोपिन कंट्रीज और जापान सोच चुके हैं। इसलिए उन्होंने सारे इंतजाम किए हैं। लेकिन फिर भी उन लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2001 में जब यशवंत सिन्हा जी वित्त मंत्री थे तो उन्होंने अपने बजट भाषण में कहा था कि पेंशन फण्ड अनसस्टेनेबल होते जा रहे हैं। इसको सस्टेनेबल करने के लिए हमें ध्यान देना होगा। इसलिए डायरेक्ट बेनीफिट से डायरेक्ट कंट्रीब्यूशन की तरफ हमारा ट्रान्जीशन हुआ है। इसलिए हमने पेंशन और रेगूलटरी फण्ड बनाया है। इंश्योरेंस सेक्टर में एफडीआई को हम लोग अनुमति दे चुके हैं। यह सरकार 49 परसेंट करना चाहती है, इस पर भी हमारी अनुमति है। क्योंकि हम चाहते हैं कि पेंशन के दायरे में ज्यादा से ज्यादा हिन्दुस्तान की पॉपुलेशन को लाया जाए। हम लोगों ने एक नयी पेंशन स्कीम चालू की जो कि एक कम्पलसरी स्कीम है। for the

Government employees from June, 2014 (except the Armed Forces). Again, NPS was launched on voluntary basis for all citizens of the country, including the unorganized sector workers from 2009.

श्री निशिकान्त दुबे : इसको अटल जी की सरकार ने ऑर्डिनेंस के ज़रिए किया था।

श्री अधीर रंजन चौधरी : उन्होंने ऑर्डिनेंस से किया था और हम लोगों ने इसका कानून पारित किया था। I am not at all interested in the war of taking credit.

Sir, in addition to it, to encourage people from the unorganized sector to voluntarily save for their retirement, the Central Government launched the co-contributory pension scheme called '*Swavalamban*'. The Government will contribute a sum of Rs. 1,000 to each eligible NPS subscriber, who contributes a minimum of Rs. 1,000 and maximum Rs. 12,000 per annum. This Scheme is presently applicable up to 2016-17.

Therefore, I personally feel that the older population of our country would be our asset if only we are able to provide them with health facilities, and an assured income sufficient enough to have a decent living. I think that will be a great tribute to our older population.

श्री प्रहलाद सिंह पटेल (दमोह) : सभापति महोदय, हमारे सहयोगी सम्माननीय श्री निशिकांत दूबे ने असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों और पेंशनधारी लोगों के लिए पेंशन की राशि का प्रावधान करने का विधेयक लेकर आए हैं, मैं उसका समर्थन करने के लिए इस सदन में खड़ा हुआ हूं।

सभापति महोदय, सबसे पहले मैं निशिकांत जी से एक आग्रह करूंगा। इसमें पेंशनभोगी शब्द लिखा है। मुझे नहीं पता कि यह उन्होंने लिखा है या संसद की परंपरा है कि हम कोई चीज़ लिखते हैं तो पहले वह अंग्रेजी में ट्रांसलेट होती है और फिर हिन्दी में होती है तो उसका कई बार स्वरूप बदल जाता है। पर, मुझे लगता है कि पेंशनभोगी शब्द के बजाय पेंशनधारी शब्द ज्यादा बेहतर होता।

दूसरी बात, मैं असंगठित क्षेत्र के मज़दूरों के बीच काम करता हूं। मैं भेद नहीं कर रहा, पर मैं एक आंकड़ा सदन में दे रहा हूं। यह इसी संसद का आंकड़ा है। जब 90 के दशक में मज़दूरों की गणना हुई तो 43 करोड़ 40 लाख असंगठित क्षेत्र के मज़दूर बताए गए और लगभग चार करोड़ सिर्फ़ संगठित क्षेत्र के मज़दूर बताए गए। मैं नहीं जानता कि इसमें भेद किस ने किया? न तो मैं उस अतीत में जाना चाहता हूं कि दुनिया में किस देश ने सामाजिक सुरक्षा की गारंटी के लिए इन मज़दूरों की चिंता की। लेकिन मुझे यह अच्छे-से याद है कि जब अटल बिहारी वाजपेयी जी इस देश के प्रधान मंत्री थे तो सामाजिक सुरक्षा के लिए उन्होंने चिंता की। उसके बाद एक कानून बना था। निर्माण मज़दूरों के लिए इस देश में वर्ष 1998 में कानून बना। उसके बाद सामाजिक सुरक्षा की गारंटी के लिए उन्होंने प्रावधान किया कि अगर एक सौ करोड़ रुपये की लागत से कोई सड़क बनेगी या पुल-पुलिया बनेगा या भवन बनेगा तो 99 करोड़ रुपये खर्च होंगे और एक करोड़ रुपये उसमें परिश्रम करने वाले मज़दूर की सामाजिक सुरक्षा की गारंटी के लिए खर्च किए जाएंगे। पैसे का प्रावधान अलग-से नहीं होगा। जो नियत राशि थी, उसमें उसे एक सेपरेट सेस के रूप में प्रावधान कर दिया गया। उसे टैक्स नहीं कहा गया, उसे सेस कहा गया।

सभापति महोदय, मैं बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि हम इतनी लम्बी-चौड़ी बातें करते हैं लेकिन इसकी प्रक्रिया कहां है? उन 43-44 करोड़ लोगों के पंजीयन और पहचान का संकट आज भी देश के सामने है। मैं बड़ी विनम्रता से इस सदन से कहूंगा कि वास्तव में इनके पहचान का संकट है। आप किसे मज़दूर मानते हैं? मैं एक उदाहरण देता हूं। बैण्ड बजाने वाले और सारे अच्छे कामों में लगे व्यक्ति चाहे वे किसी भी जाति, धर्म, संप्रदाय के हों, लेकिन वे मज़दूरों की सूची में नहीं हैं।

मैं एक दूसरा उदाहरण देता हूं। जो सड़क पर पान का ठेला चलाता है, वह मज़दूर है। लेकिन अगर उसने लोन ले लिया तो वह ट्रेडर हो जाता है। वह लेबर से अचानक ट्रेडर हो जाता है और वह सारी सुविधाओं से वंचित हो जाता है।

महोदय, मैं चंडीगढ़ गया था। मैं मज़दूरों के बीच काम करता हूं। वहां की स्थिति देख कर मैं भौंचक था। एक हज्जाम कहे जाते हैं, वे मुस्लिम जाति हैं, उनका रजिस्ट्रेशन आज़ादी के पहले का है। यह एक उर्दू का शब्द है। अगर आज कोई व्यक्ति सड़क पर किसी के बाल काटने का व्यवसाय करेगा तो वह एक लेबर होगा लेकिन अगर उस ने कर्ज़ लेकर दुकान खोल ली, चाहे वह सरकारी बैंक से ले, चाहे गैर सरकारी बैंक से ले, वह ट्रेडर हो जाएगा। इस पर फैसला नहीं हो सका। यह बात मैं इसलिए कह रहा हूं क्योंकि निशिकांत जी कह रहे थे कि हम इसमें भेद नहीं करते तो मुझे लगता है कि अभी तो हमें इतने छोटे सवाल से जूझना है। इसलिए मैं जब काम कर रहा था तो हम लोगों ने एक चार्टर बनाया। उस चार्टर में कहा कि पहले तो इस देश के मज़दूरों को सूचीबद्ध करो। कितने ट्रेड हैं? आज से चार साल पहले 37 ट्रेड थे। अब वे 62 हो गए। अभी कुछ महीने पहले वे 67 हो गए और उसके बाद भी जिनके मैंने नाम लिए उनकी समस्या जस-की-तस हैं। इसका कोई समाधान नहीं निकला है। यह तो पहचान की बात कि हम अमुक ट्रेड के रूप में पहचाने जाएंगे कि कौन जूट के क्षेत्र में काम करता है, कौन चाय बागानों में काम करता है, कौन बीड़ी मज़दूर है।

महोदय, महिलाओं को लेकर बहुत बड़ी-बड़ी बातें होती हैं लेकिन मैं इन तीन ट्रेडों की बात कर रहा हूं- चाय बागान, बीड़ी का क्षेत्र और जितने भी पहाड़ी राज्य हैं उनमें खेतों में जो काम करने वाले मज़दूर हैं, उनमें 90 फीसदी से ज्यादा महिलाएं हैं। लेकिन आपको सुन कर यह आश्चर्य होगा कि इस देश का जो भी डेली वेज है, अगर यह सबसे कम कहीं है तो यह चाय बागानों में है। उन्हें 52 रुपये दिए जाते हैं। बीड़ी बनाने वालों को 52-53 रुपये दिए जाते हैं। आप पहाड़ों पर चले जाइए। वहां की हालत भी 50 रुपये से नीचे है। मैं समझता हूं कि कभी हमने जिम्मेदारी के साथ चर्चा ही नहीं की। अभी तो मैं इसके क्रियान्वयन की बात पर आया ही नहीं। मुझे लगता है कि जब हम इन बातों पर चिंता करते हैं तो इस बात को भी सोचें कि इन्हें पेंशन क्यों मिलना चाहिए। जब कोई वृद्ध आदमी होता है तो जैसे मैं उन्हें हम्माल कहता हूं। पचास साल की उम्र के बाद इस देश में हम्माली करने वाला हम्माली नहीं कर सकता। रिक्शा चलाने वाला रिक्शा नहीं चला सकता। वृद्धावस्था पेंशन 60 साल की आयु में मिलेगी।

किसके पास जमीन है, किसके पास नहीं है, मुझे नहीं पता, लेकिन जिस देश का कानून कहता है कि जब 60 साल की उम्र पार कर जाओगे, बीड़ी मजदूर को छोड़कर, क्योंकि, बीड़ी मजदूर के मामले में प्रावधान है कि 59 साल की उम्र के बाद उसको पैंशन मिल सकती है, लेकिन बाकी सब को 60 साल के बाद मिलेगी और वह भी अन्यान्य प्रकार की योजनाओं और शर्तों के साथ मिलेगी। मैं बड़ी विनम्रता से आपसे कहना चाहता हूं, सदन विचार करेगा कि हम्माल सिर्फ एक जगह नहीं होता है, सीमेण्ट साइडिंग पर हम्माली करने वाला, रेलवे साइडिंग पर हम्माली करने वाला, पेस्टीसाइड्स में हम्माली करने वाला, कृषि

उपज मंडी में हम्माली करने वाला, सब्जी मंडी में हम्माली करने वाला और जो ट्रकों में लदान करने वाला हम्माल है, यह एक ही सैक्टर में इतने प्रकार हैं, जिनकी सामाजिक सुरक्षा में उनकी चिकित्सा और उनकी बाकी समस्याएं भी भिन्न-भिन्न हैं। हम्माल एक शब्द है, ये सैक्टर इतने सारे हैं, लेकिन उसका समाधान नहीं है। इसलिए मैं आपसे बड़ी विनम्रता से कहूंगा, पैंशन की तारीख पर बहस हो सकती है कि किस उम्र में हो, इसका कोई प्रावधान हो सकता है, लेकिन इसी में उम्र की उलझन शुरू होगी कि किस उम्र में पैंशन मिलनी चाहिए। ट्रेड के आधार पर इस देश के मजदूर की पैंशन के बारे में विचार करना पड़ेगा और इसलिए आपको तय करना पड़ेगा कि कौन सा मजदूर आर्गेनाइज्ड है, कौन सा आर्गेनाइज्ड नहीं है, इसको छोड़ दीजिए। आपको यह तय करना पड़ेगा कि उसकी शारीरिक हालत क्या है और देश में उसने अपनी जवानी की जितनी भी ऊर्जा थी, उसने देश के काम में लगा दी, चाहे वह परिवार पालने के नाम पर लगाई हो, चाहे उसने अपने देश को बनाने में लगाई हो, लेकिन उसके पसीने का इस देश के निर्माण में योगदान है और इस नाते मैं यह कहता हूं कि इस पर इस सदन में बहस होनी चाहिए कि वास्तव में उस गरीब को किस उम्र में पैंशन मिले। कौन सा तंत्र काम करेगा, आप मैडीकल टीम बनाइये और उसका आकलन करिये, जिसने जीवन में परिश्रम किया। अगर वह किसी बीमारी के कारण अपंग हो गया और उसका बच्चा भी अगर मजदूर है तो वह उसे पालने की स्थिति में नहीं है।

सामाजिक सुरक्षा की जो भी दूसरी पैंशंन हैं, वे पैंशंन जातियों के आधार पर या अन्य वर्गों के आधार पर ज्यादा हैं, बजाय इसके कि उसकी लाचारी के कारण हों। मैं बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि मैं किसी जाति का विरोधी नहीं हूं, मैं मजदूर को सिर्फ मजदूर की दृष्टि से देखना चाहता हूं, लेकिन उस मजदूर के बारे में फैसला कैसे होगा? कांग्रेस के लोग 2006 में नकल करके एक कानून लेकर आये थे। साहिब सिंह वर्मा जी ने कहा था कि आप इनके पंजीयन के लिए पैसा दीजिए, आप सामाजिक सुरक्षा कानून की जगह पर पंजीयन के लिए एक मजदूर सुरक्षा कानून लेकर आयें। यहां पर मंत्री महोदय मौजूद हैं, मैं बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि 2006 में कानून बना, मैंने अभी प्रश्न लगाया था कि कितने लोग पंजीकृत हुए, उसका जवाब आया कि इसमें कोई प्रगति नहीं हुई, क्योंकि, पैसे का प्रावधान नहीं किया गया। आपने कानून बना दिया, राज्य सरकारों से कह दिया, उनके हवाले छोड़ दिया कि आप जाकर लोगों को पंजीकृत करिये, लेकिन पंजीयन का पैसा कहां से आएगा, इसका प्रावधान कौन करेगा? जैसे अटल बिहार वाजपेयी जी ने कहा था कि अगर 100 करोड़ रुपये का निर्माण होगा तो उसका एक प्रतिशत उस गरीब आदमी की सामाजिक सुरक्षा के लिए लगेगा। अगर यह कानून उस समय बना दिया गया होता कि यह केन्द्र का कानून है, उसके पैसे का प्रावधान यहां से होगा, उसका पंजीयन होगा। क्योंकि, पंजीयन किसी भी मजदूर को

लाभ देने के लिए पहली शर्त है। अगर मैं जीवन भर मजदूरी करूं, लेकिन अगर मेरे पास में कार्ड नहीं है तो मुझे सामाजिक सुरक्षा का कोई भी लाभ मिलने वाला नहीं है।

मैं बुन्देलखण्ड से आता हूं और बुन्देलखण्ड में सूखा है, गरीबी है, लाचारी है और मैंने कहा कि वहां पांच एकड़ का काश्तकार, जिसके पास सिंचाई नहीं है, उसकी दुर्दशा यह है कि वह यहां पर तो मजदूरी करता ही है, वहां पत्थरों में कुछ होता नहीं, जमीन के नीचे मिनरल है, वैसे कहने के लिए तो वह करोड़पति-अरबपति है, लेकिन उसके पास में कुछ नहीं है। मैंने कहा कि वह पांच एकड़ का काश्तकार, जिसके पास में सिंचाई का साधन नहीं है, उसको मजदूर घोषित करो, नहीं तो उसका गरीबी की रेखा का कार्ड नहीं बनेगा। क्योंकि, जिसके पास में एक एकड़ जमीन है, दो एकड़ जमीन है, वह 12 रुपये और 14 रुपये दिन के कमाता है। अगर पांच लोगों के बीच में दो एकड़ जमीन है तो जितने भी सर्वे हैं, जितने तमाम नाम हमारे निशिकान्त जी ने लिए हैं, मैं उन महापुरुषों से कहूंगा कि कभी बुन्देलखण्ड की धरती पर जाइये और पांच एकड़ के काश्तकार की, जिसके पास असिंचित जमीन है, उसकी दुर्दशा देखिये। एक आदमी 12 रुपये, 14 रुपये से ज्यादा वहां उससे नहीं कमा सकता है। उससे ज्यादा मजदूर कमाता है। अगर एक परिवार में चार लोग मजदूरी करते हैं तो आठ एकड़ जमीन के काश्तकार से ज्यादा पैसा अपने परिवार में लेकर जाते हैं, यह जमीनी सच्चाई है। लेकिन इस पर कोई बात करने के लिए तैयार नहीं है, क्योंकि, हमारे पास आंकड़ेबाजी नहीं है, हमारे पास में दस्तावेजी प्रमाण नहीं हैं। हम जमीन पर हैं, जो हम कह रहे हैं, वह शपथपूर्वक कह रहे हैं, जिम्मेदारी के साथ कह रहे हैं। कई बार मुझे आश्चर्य होता है, मैं भी बहुत छोटी उम्र में, 27.5 साल की उम्र में इस सदन में आया था। मैं किसान का बेटा हूं, एक मध्यवर्गीय परिवार में पैदा हुआ हूं, हमें जमीन की जानकारी है, लेकिन हमें आंकड़ों की जानकारी नहीं है, हमसे आंकड़ों की बाजीगरी नहीं होती। वास्तव में सच्चाई यही है कि कांग्रेस जो कानून लेकर आई, उस कानून में अगर पैसे का प्रावधान किया होता तो आज तक गरीब मजदूर का पंजीयन हो गया होता। आज सिर्फ भवन बनाने वाले जो भी मजदूर हैं, उनको छोड़कर किसी भी ट्रेड में पंजीयन की व्यवस्था नहीं है। यह तो एक चीज है, ऐसी कितनी ही सारी चीजें पड़ी हुयी हैं, जूट उद्योग हो सकता है, चाय का उद्योग है, निर्माण मजदूर है, ठेका मजदूर है, जहां कहीं पर थोड़ी बहुत व्यवस्थायें हैं, इसके अलावा किसी भी ट्रेड में अभी कोई ऐसी जिम्मेदारी वाली न तो कानून की व्यवस्था है और न ही पहचान की व्यवस्था है। मैं निशिकांत जी को धन्यवाद दूंगा कि एक बहस तो शुरू हुई, इसलिए मुझे लगता है कि पहले उनको चिन्हित कीजिए, फिर उनका रजिस्ट्रेशन कीजिए ताकि वे अधिकार के लिए, पात्रता के लिए अपनी लड़ाई लड़ सकें।

तीसरी बात आती है कि किस ट्रेड के बारे में आप क्या सोचते हैं? तब कहीं जाकर पेंशन का प्रावधान बनेगा। यह इस देश का सदन, जो देश की सबसे बड़ी पंचायत है, यह इसकी जिम्मेदारी है। आपको

इस बात को किसी पर छोड़ने की जरूरत नहीं है। लेकिन मुझे लगता है कि को लक्ष्य, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से कहूंगा कि एक लक्ष्य बनाइये ताकि किसी निष्कर्ष पर हम पहुंचें। तंत्र बन सकता है, तब कहीं जाकर लाचार आदमी की लाचारी खत्म होगी। ऐसे नहीं हो सकती कि हम हर बार भाषण दें और आगे के रास्ते पर बढ़ जायें। मैं उसके लिए सबसे अच्छा मॉडल मानता हूं, जिसको कहते हैं कि जमीन पर खड़े होकर किसी बात का समाधान खोजना, मैं दीन दयाल जी की उस बात को अच्छा मानता हूं। जब उनसे पूछा गया कि आप अर्थशास्त्री हैं, तो उन्होंने कहा कि मैं उपाधि प्राप्त अर्थशास्त्री नही हूं, लेकिन मैं भारत की जमीन पर खड़ा होकर जब किसी समस्या पर ईमानदारी के साथ विचार करता हूं तो यह धरती माता मुझे ताकत देती है और मैं उसका समाधान खोज लेता हूं और वह सूत्र रूप में हमारे मुंह से निकला जाता है और कल वह देश का मार्गदर्शन करता है।

हम दीन दयाल जी के शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं। वर्ष 2015 और 2016 उनका शताब्दी वर्ष है। मैं बड़ी विनम्रता के साथ कहूंगा कि दीन दयाल जी के एकात्म मानव दर्शन को आधार मानकर चलने वाला दल आज देश की राजनीति में सत्ता में बैठा है। अगर वास्तव में कुछ सच्ची श्रृद्धांजलि दीन दयाल उपाध्याय जी को देनी है तो इससे अच्छा मौका नहीं हो सकता। दरिद्र नारायण की सेवा ईश्वर की सच्ची सेवा है, यह स्लोगन जो दुनिया में दीन दयाल जी का चलता है, अगर वास्तव में उसकी पूर्ति करनी है, वास्तव में उस मंशा को धरती पर, जमीन पर लाकर उतारकर देना है तो मुझे लगता है कि इससे अच्छा अवसर नहीं हो सकता है।

मैं बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि हमने भी आन्दोलन चलाया था। आजकल मानव अधिकार दिवस मनाते हैं, आईएलओ का भी एक वह फैशन बन गया है, सभापति महोदय, आप तो जमीन से जुड़े हुए हैं, उन संघर्षों को आपने देखा है। हमने कहा कि रोजी-रोटी पर तकरार, फिर कैसा मानव अधिकार? यह आलोचना नहीं है, यह जमीनी सच्चाई है। आप किस मानव अधिकार की बात करते हैं? हमने जब रैली की तो हमने यही कहा कि मालिक-मजदूर भाई-भाई, लेकिन हिसाब होगा पाई-पाई। जब यह बात कहते हैं तो अलगाव नहीं होना चाहिए क्योंकि मुझे लगता है कि इस देश में जो ट्रेड यूनियन बनीं, उन्होंने कई बार जिस भाषा का प्रयोग किया, उन्होंने वेज की बात पहले की, वेलफेयर की बात नहीं की। कई बार हमारा समाज जो वास्तव में समाज के परिवेश में चलता है, वह एक धड़ा दूसरे धड़े के दुःख-दर्द की हिस्सेदारी का हिस्सा होता है और वह समाधान देता रहा है। जिस प्रकार से हमारे कांग्रेस के मित्र बोल रहे थे, चाहे वे जकात की बात करें, मैं मजदूर को खैरात के पक्ष में नहीं हूं। उसे अगर कोई चीज मिलनी चाहिए तो वह सम्मान के साथ मिलनी चाहिए। ऐसा नहीं है कि उसे कोई चीज भीख के नाते दी जाये। उसकी लाचारी का मजाक न बने, इस बात के लिए सदन में चर्चा होनी चाहिए, इस बात के लिए नहीं कि किसी की कृपा

पर फेंककर उसको दे दिया जाये। इसलिए कोई ऐसी जिम्मेदारी के साथ ऐसा कानून बने ताकि लगे कि नहीं, वास्तव में हम उसका मजाक नहीं उड़ा रहे हैं, हम उसको शिक्षा दे रहे हैं।

महोदय, हम अगर ईएसआई के अस्पतालों की हालत देखते हैं, वह शहर से 12 किलोमीटर दूर है। मैं बड़ी विनम्रता से कहूंगा कि टी.बी. का मरीज 12 किलोमीटर दूर कैसे जायेगा? उसके पास पैसा कहाँ है? जिस वृद्ध आदमी के लिए हम आज अधिकारों की बात करते हैं, किसी आदिवासी गरीब आदमी की बात देखिए, जिससे अस्पताल 50 किलोमीटर दूर है, उसके पास बस में जाने का पैसा नहीं है। उसके लिए सिर्फ खाने भर का संकट नहीं है। बुढ़ापा, गरीबी, लाचारी और यह बीमारी भी है, उसकी बीमारी के इलाज का पैसा कहाँ से आयेगा? पेंशन के लिए विचार करते समय इन आंकड़े देने वालों से मैं पूछना चाहता हूं कि क्या सिर्फ पेट की दो टाइम की रोटी उस पेंशनधारी को मिलेगी? मैं इस बात से सहमत नहीं हूं क्योंकि वह उम्र सिर्फ भोजन की नहीं है, उसकी दवाई की भी जरूरतें हैं तो इस आधार पर उस बारे में फैसला करना होगा। मैं इसको सामयिक मानता हूं कि जिस समय यह बिल आया है, इस पर सकारात्मक बहस होनी चाहिए, लेकिन मैं कांग्रेस के मित्रों से कहूंगा कि हम श्रेय लूटने के चक्कर में कई बार अपने विषयों से भटकते हैं। श्रेय के चक्कर का नहीं, यह सवाल नीयत का है। जब आप जमीन पर बैठकर पूरी संवेदनशीलता के साथ अगर इस पर विचार करेंगे तो मुझे नहीं लगता कि किसी प्रकार का दुरूपयोग हो सकता है।

अंत में मैं इतना ही कहूंगा, मैंने एक सुझाव दिया था, आधार कार्ड के लिए हजारों करोड़ रूपये इस देश में खर्च हो रहे हैं, उस आधार कार्ड का नम्बर उस गरीब आदमी का पी.एफ. नम्बर बना दो तो उसका रास्ता निकल जायेगा। इस दिल्ली में कॉमनवेल्थ गेम्स हुए थे, 1200 करोड़ रूपए पी.एफ. का एक साल के भीतर लैप्स हुआ। इस देश का कानून कहता है कि कोई क्लेम करने नहीं आयेगा तो राज्य सरकार विवेक के आधार पर खर्च कर लेगी और वह पैसा खर्च हो गया। मेहनत का पैसा, उस मजदूर के पसीने की कमाई उसके बच्चों को मिलनी चाहिए। वह ऐसे उड़ जाती है। इनके लिए रास्ते निकाले जा सकते हैं। हमने सिर्फ अलोचना नहीं की थी, हम ने कहा था कि उसका पी.एफ नम्बर और आधार कार्ड का नम्बर एक हो जाए, ऐसा कोई रास्ता यह सरकार निकाले, ताकि उनकी मेहनत की कमाई का पैसा उनकी सड़कों में न लगे बल्कि गरीब आदमी के बच्चों को मिले। इतना कहते हुए मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं। आपने मुझे बोलने के लिए समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

प्रो. सौगत राय (दमदम) : सभापति महोदय, हमारे देश के असंगठित मजदूरों को मिनिमम पेंशन के लिए, निशिकांत दुबे जी जो राष्ट्रीय न्यूनतम पेंशन (गारंटी) विधेयक - 2014 लाए हैं, इसका मैं समर्थन करता हूं। राजनीतिक दृष्टिकोण से मेरा उनसे फर्क है। होल व्यू में भी फर्क है। लेकिन, अगर उन्होंने कोई अच्छा प्रस्ताव किया है, तो उसका समर्थन करना चाहिए और मैं उसका समर्थन करता हूं।

माननीय सभापति जी, हमारे संविधान में जो डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स ऑफ स्टेट पॉलिसी है, पार्ट-फोर, उसमें यह लिखा है। Article 41 of the Constitution on Right to work, to education and to public assistance in certain cases states:

> "The State shall, within the limits of its economic capacity and development, make effective provision for securing the right to work, to education and to public assistance in case of unemployment, old age, sickness and disablement, and in other cases of undeserved want."

हमारे संविधान के जो प्रणेता थे - श्री जवाहर लाल नेरहरू, श्री राजेन्द्र प्रसाद या बाबा साहेब अम्बेडकर, ये देश के लिए एम्बिशन पहले से ठीक कर के गए थे कि सभी लोगों को बुढ़ापे में मदद मिलनी चाहिए। क्योंकि डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स जस्टिसेबल तो नहीं है, हम उसको लागू करने के लिए कोर्ट में नहीं जा सकते हैं, लेकिन देश का लक्ष्य क्या होना चाहिए, यह डाइरेक्टिव प्रिंसिपल्स में लिखा हुआ है। निशिकांत दुबे जी का यह कानून उसी को पूरा करने के लिए आया है। हमारे देश में बहुत बड़ी आबादी है, लगभग 120 करोड़ लोग रहते हैं। हम पूरी जनसंख्या के बारे में तो नहीं कहते हैं। हम कहते हैं कि जिनकी उम्र 60 साल से ऊपर हो गई है, उनको मदद करने की एक व्यवस्था होनी चाहिए। इसी लक्ष्य को ले कर निशिकांत दुबे जी ने इसको रखा है।

बात यह नहीं है कि इस दिशा में कोई कोशिश नहीं हुई है। 70 लाख लोग केन्द्रीय सरकार या राज्य सरकार में काम करते हैं, उन के लिए पेंशन की व्यवस्था है। सरकार सभी को पेंशन देने की जिम्मेवारी नहीं लेना चाहती है, इसलिए न्यू पेंशन स्कीम चालू की गई। तब भी उन्हें मिनिमम पेंशन गारंटेड है। कुछ साल पहले जिन लोगों को प्रॉविडेंट फंड, ई.पी.एफ. इम्पलॉयज प्रॉविडेंट फंड है, उनके लिए एक प्रॉविडेंट फंड लिंक्ड पेंशन चालू की गई थी। बहुत लोग मेरे पास आते थे और कहते थे कि हमको 300 रुपया पेंशन मिलता है। यह शर्म की बात है। पाँच सालों से मैं इस संबंध में लिखते आया और बोलते आया। यू.पी.ए-II के अंतिम समय में मिनिमम पेंशन 1000 रुपया ग्रांटेड हुआ। वित्त मंत्री जी के बजट भाषण में भी इसका उल्लेख है कि ईपीएफ लिंक पैंशन में मिनिमम पैंशन एक हजार रुपये होगी।

वरिष्ठ पैंशन बीमा योजना भी एक पैंशन स्कीम है। उसमें अभी तक केवल 3 लाख 16 हजार लोगों को पैंशन मिलती है। यह भी एक सरकारी स्कीम है। केन्द्र सरकार ने एक स्कीम चालू की थी जिसका नाम इंदिरा गांधी नैशनल ओल्ड एज पैंशन स्कीम (इंदिरा गांधी नॉप्स) था। मुझे पता नहीं कि वह नाम अभी है या नहीं।...(व्यवधान) इंदिरा गांधी नॉप्स में भी लोगों को पंचायत या निगम के माध्यम से पैंशन देने का प्रावधान है। उसमें भी एक हजार रुपये मिलते हैं। लेकिन उसमें यह परेशानी है कि पंचायत में कोटा होता है। जब वह पूरा हो जाता है तो दूसरे लोगों को पैंशन नहीं मिलती। अभी नियम लागू हुआ है कि जिनके पास बीपीएल कार्ड है, उन्हीं को वह सुविधा मिलेगी। हमारे मुल्क में लगभग 30 प्रतिशत बीपीएल हैं। बाकी लोगों को इंदिरा गांधी नॉप्स का मौका नहीं मिलेगा।

पश्चिम बंगाल में प्रांतीय सरकार की ओल्ड एज पैंशन स्कीम चालू है। प्रांतीय सरकार के पास कम साधन होते हैं। मैं देखता हूं कि वहां एक व्यक्ति को ऐप्लाई करने के बाद कम से कम तीन साल लगते हैं। मेरे पीछे बहुत लोग घूमते हैं। मैं अधिकारियों के पास जाता हूं तो वे कहते हैं कि हमारा कोटा पूरा हो गया है। जब तक लोग गुजर नहीं जाते, हमारा कोटा नहीं खुलेगा। इसलिए हम नहीं दे सकते। सरकारी पैंशन, ईपीएफ लिंक पैंशन, वरिष्ठ बीमा योजना और प्रांतीय सरकार की पैंशन स्कीम हमारी जनसंख्या के बहुत कम लोगों को मिलती है।

यह लॉग टर्म एम्बिशन भी हो सकती है, लेकिन निशिकांत जी का कहना है कि हर वरिष्ठ नागरिक को कम से कम 5 हजार रुपये पैंशन मिलनी चाहिए। मैं इसका पूरी तरह से समर्थन करता हूं। अगर हमारा राष्ट्र वेल्फेयर स्टेट है, अगर जनता का भला, देखभाल करना राष्ट्र का फर्ज बनता है तो लोगों के लिए मिनिमम पैंशन का प्रावधान करना चाहिए। लोग अलग-अलग प्रोफैशन में लगे हुए हैं। कोई खेतीहर मजदूर है, कोई मछुवारा है, कोई जंगल में काम करता है। उन सब लोगों को पैंशन स्कीम के अंतर्गत लाने की बात पहली बार निशिकांत जी लोगों के सामने लाए हैं। मैं इसका समर्थन करता हूं क्योंकि हम जिस जनजीवन के साथ जुड़े हुए हैं, आपको सुनकर आश्चर्य होगा कि हालत क्या है। शायद हर प्रांत में, मैं अपने प्रांत में देखता हूं कि लोगों को सौ-सौ करोड़ रुपये प्रॉविडैंट फंड में जमा करने होते हैं।

हमारे वहां जूट मिल है जिसमें दो लाख इम्प्लॉई हैं। लेकिन वहां 200 करोड़ रुपये प्रॉविडैंट फंड ड्यूज हैं। हमारे वहां ग्रेच्युटी का कानून है। हर साल काम करने पर 15 दिन की ग्रेच्युटी मिलती है। रिटायरमैंट के समय कोई मालिक ग्रेच्युटी नहीं देता। वह उनके साथ एग्रीमैंट करता है कि जब तक ग्रेच्युटी क्लीयर नहीं होती आप काम कीजिए। जिन लोगों की उम्र 65, 66 साल हो गई, वे जूट मिल में काम नहीं कर सकते, लेकिन फिर भी उन्हें काम करना पड़ता है क्योंकि उनके पास कोई सामाजिक सुरक्षा नहीं है। उनका शरीर जूट मिल में काम करने लायक नहीं है फिर भी वे काम करते हैं। क्योंकि उनको ग्रेचुएटी नहीं

मिलती। इसमें बदलाव आया है। जूट मिल में 80 प्रतिशत लोग बिहार और यूपी के हैं। आजकल उसमें भी आदमी मिलना मुश्किल हो गया है, क्योंकि एमजीएनआरईजीएस के शुरू होने से लोगों को प्रतिदिन 150 रुपये मिलते हैं इसलिए उन्हें काम करने की कोई जरूरत नहीं है। इसलिए लोग कोलकाता चटकल में आना नहीं चाहते हैं। वहां लेबर की कमी हो जाती है। हमारा कहना है कि मुल्क में बदलाव आया है, कुछ सुधार आया है, लेकिन हमें बहुत आगे जाना है।

महोदय, निशिकांत जी का रेज्योलूशन हमें एक रास्ता दिखाता है कि हमें कहां तक पहुंचना है. इंग्लैंड में हर नागरिक को नैशनल हैल्थ स्कीम की सुविधा मिलती है। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि इंग्लैंड में नैशनल हैल्थ स्कीम में डायलिसिस से लेकर किडनी ट्रांसप्लांट आदि सब कुछ सरकारी खर्चे से होता है। मेरा एक दोस्त था, वह पहले इंग्लैंड में काम करता था। मैं आज से दस-पन्द्रह साल पहले की बात कह रहा हूं। वह हर साल इंग्लैंड जाता था और डायलिसिस करके वापिस आता था। आज कल डायलिसिस यहां भी चालू है। वह अपना किडनी ट्रांसप्लांट भी इंग्लैंड से कराकर आया, क्योंकि खर्चा नहीं लगना था। मुझे पता नहीं कि कब हम उस स्तर पर पहुंचेंगे जहां आप हर आदमी को मेडिकल सुविधाएं दे पायेंगे, लेकिन एक रोडमैप होना चाहिए।

सभापति महोदय, मैं नहीं समझता कि निशिकांत जी जो रेज्योलूशन लेकर आये हैं, वह असंभव है। अगर हम 33 हजार करोड़ रुपया एमजीएनआरईजीएस पर दे सकते हैं, तो निशिकांत जी ने क्या कहा है? उनका कहना है कि 50 हजार करोड़ रुपये से एक कारपस फंड बनाया जाये और हर साल 30 हजार करोड़ रुपया दिया जाये, तो आप उसे कवर कर सकते हैं। आप हिन्दुस्तान के सब ऐलिजिबल लोगों को 5 हजार रुपये मिनिमम पैंशन दे सकते हैं। कल ही हमने 18 लाख करोड़ रुपये का एप्रोप्रिएशन बिल पास किया है। जिस सरकार का 18 लाख करोड़ रुपये एक्सपेंडीचर पर खर्च होते हैं, वहां 50 हजार करोड़ बहुत ज्यादा नहीं है, लेकिन सरकार की इच्छा होनी चाहिए। सरकार की नीयत और इच्छा, दोनों में कमी है। अब 18 लाख करोड़ रुपये का जो खर्चा होता है, उसमें प्लान के लिए साढ़े 5 लाख करोड़ रुपये का खर्चा है जबकि बाकी सब पैसा नॉन प्लान में चला जाता है। उसमें से वे सरकारी कर्मचारी को देते हैं और ऐस्टेब्लिशमैंट खर्चा होता है। हम सब एमपीज को पैंशन मिलती है, सरकारी कर्मचारियों को भी पैंशन मिलती है और हर प्रांत में एमएलए को भी पैंशन मिलती है, लेकिन बेचारी गरीब जनता को कुछ नहीं मिलता है।

महोदय, निशिकांत बाबू ने सही बात कही कि जब हम अपनी कांस्टीटूएंसी में जाते हैं, तो लोग कहते हैं कि हमारे लिए आप कुछ कीजिए। बंगाल में बहुत विधवाएं हैं जो दूसरे घरों में काम करती हैं, यानी घरेलू कर्मचारी हैं। उनकी देख-भाल करने के लिए कोई नहीं है। वे अपना पेट पालने के लिए दूसरे घरों में

झाड़-पोंछ करती हैं। वे मुझे आकर बोलती हैं कि हमें इंदिरा गांधी नोप्स दिला दीजिए। कुछ लोगों को तो मैंने दिला दिया। जिसे वह मिल गया, वह तो बच गया, क्योंकि वह कम से कम दिन में एक बार तो खा सकता है। बाकी लोगों को कुछ सहुलियतें नहीं हैं। हम कहते हैं कि मंगल में यान भेजेंगे, बड़े-बड़े समुद्र के नीचे से तेल उठायेंगे। हम आकाश में जायेंगे, मिसाइल बना रहे हैं, लेकिन इस देश में आम जनता की हालत अभी भी बहुत खराब है। हमें दूर-दृष्टि से देखना चाहिए।

महोदय, मैं समझता हूं कि निशिकांत बाबू जो रेज्योलूशन लाये हैं, उस पर कम से कम चर्चा हो। देश में प्रॉयरिटी क्या होनी चाहिए, किस चीज पर अग्राधिकार होना चाहिए, इस पर चर्चा होनी चाहिए। हम बजट में कितने रुपये, कितने परर्सेंटेज़ सामाजिक सुरक्षा के लिए खर्च करना चाहते हैं, इस पर एक चर्चा हो। मैं श्री अधीर जी जैसा, कि इंग्लैंड का क्या इतिहास है, वेस्टर्न डेमोक्रेसी से कम्पेयर करने की जरूरत नहीं है, वहाँ तो टोटल रिसोर्सेज़ हैं। आप स्वीडन जाइए, ये छोटे-छोटे मुल्क हैं, यहाँ एक-एक करोड़ की आबादी है। हिन्दुस्तान की जो समस्या है, उसका साईज़ बहुत बड़ा है। यहाँ का पापुलेशन साईज़ जितना बड़ा है, उसकी तुलना हमें छोटे-छोटे देशों से नहीं करनी है। हमें बड़े ढ़ंग से सोचना चाहिए, देखना चाहिए। रास्ता क्या है, इसे लेकर बराबर बात होती है। मैं कल भी चर्चा में बोला था कि ग्रोथ होने से यह नहीं होगा। यदि ग्रोथ का लक्ष्य होगा, ग्रोथ के साथ सामाजिक इंसाफ, सामाजिक न्याय-विचार होगा, तभी हम अपना रास्ता ढूंढ पाएंगे। मैं तो जानता हूं कि प्राइवेट मेम्बर बिल का क्या होता है? श्री निशिकांत बाबू तो चालीस मिनट बोल लिये। उसके बाद मंत्री जी अंत में भाषण देंगे, वे बोलेंगे बहुत अच्छा और श्री निशिकांत बाबू उसे विदड्रा कर लेंगे। मैं तो इसलिए धन्यवाद करता हूँ कि वह कानून लागू हो जाएगा, बल्कि इसलिए करता हूं कि कम से कम इस पर चर्चा तो कराएं। देश के सबसे गरीब, दबे हुए, कष्ट में रहने वाले, बेसहारा लोगों के बारे में चर्चा तो इस हाऊस में हो चुकी है। हम न्यूक्लियर इनर्जी और अन्य कई चीजों पर चर्चा करते हैं, लेकिन देश की आम जनता के बारे में इस सदन में चर्चा नहीं होती है। आप तो श्री लोहिया जी के भक्त रहे हैं। अभी बीजेपी में हैं, ठीक है। आप जानते हैं, लोहिया जी के इन सब लोगों के बारे में बताया था। गांधी जी से लेकर लोहिया जी तक यही चिन्ता थी। इस चिन्ता को अभी लागू करना चाहिए। मैं इसलिए इस बिल का समर्थन करता हूँ और श्री निशिकांत बाबू से अपील करता हूँ कि आप इस पर अड़े रहिये। जब आपको सरकार की तरफ से बोला जाएगा कि आप विदड्रा कर लीजिए, तो आप नहीं करिएगा, इससे क्या होगा? देश के लोग याद रखेंगे कि ये पार्टी के खिलाफ फाइट करके भी गरीब लोगों के लिए बिल विदड्रा नहीं किया। इसी बात के साथ मैं अपनी बात समाप्त करता हूँ।

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Sir, I stand here to support the Bill that has been moved by Shri Nishikant Dubeyji, especially when it deals with a guarantee.

Normally, the Bills that were coming in 15th Lok Sabha were guaranteeing many things to the people of this country. I think it has not become contagious to the BJP Members sitting in the Treasury Benches today to bring in another guarantee Bill because right to education, right to food and right to many things were guaranteed during the UPA regime. This is another guarantee as a Private Member Bill which Nishikant Babu has brought today.

I support the Bill because it deals with around 88 per cent of the work force of the country which is not covered in true sense of the term because hardly 12 per cent are in organized sector and 88 per cent are in unorganized sector. Here I would say that agricultural labour is one of the major work forces which fall under unorganized sector. When I come from a State like Odisha, I would say that tendu leaf workers also fall under the unorganized sector. As has been stated by Nishikant Babu, those who work as mason, plumber, carpenter, fishermen, blacksmith, goldsmith, *kumbhar* and even weavers, all fall under unorganized sector. But why am I saying all this? Why did Nishikant Babu mention all these things? It is because the economics of the Indian economy has changed drastically.

I do know if many Members have gone through the book which the former Prime Minister, Choudhary Charan Singh, had written when he was the Deputy-Prime Minister of this country.

17.00 hrs.

I do not know whether anyone has gone through the number of other books which have gone in detail relating to the village economy of India because the society has changed a lot. The society which was there 80 years ago was independent. In a way it was *swavalambi*. The village community itself was dependent on each other and that is how the village prospered. That was our strength and it was India's strength – to fight against the onslaught of British sovereignty. But now

the situation has changed. Gandhi Ji used to say that India lives in villages but today it does not. There has been a drastic change and that drastic change is because the village economy has been shattered. It has been shattered because of our land economy that we adopted after 1950. Many people will not accept this viewpoint but I hold this view because the planned economy and the command economy that we adopted, and we are still adopting, has destroyed our village economy.

